# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 2 दिसंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण प्रतिपदा- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 86 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ नासूर बनता प्रदूषण

डे-नाइट टेस्ट से कटेगा देवदत्त पडिक्कल ध्रुव जुरेल-वाशिंगटन सुंदर का पत्ता ◂◂ 6







### फेंगल तूफान: तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में लैंडस्लाइड

## मकानों पर गिरा 40 टन का चट्टान, 7 लोग लापता

### भारी बारिश में बही बसें-कारें



**नई दिल्ली:** तमिलनाडु के तिरुवन्नमलई जिले में भारी बारिश के बाद मशहूर अन्नामलाईयार पहाड़ी की निचली ढलानों पर स्थित कुछ घरों पर चट्टान गिरने से वहां सात लोगों के मलबे के नीचे दबे होने की आशंका है।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि शहर में भारी बारिश के बावजूद अधिकारी राहत एवं बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

अग्निशमन एवं बचाव सेवा के एक अधिकारी ने बताया, पहाड़ी की निचली ढलान पर स्थित झोपड़ियों पर एक बड़ी चट्टान गिर गई। भारी बारिश हो रही है और राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमें यह सूचना मिली है कि चट्टान गिर जाने से करीब पांच से सात लोग फंसे हुए हैं। अंधेरा और बारिश होने के कारण सटीक जानकारी नहीं दी जा सकती।

### कुसमाही रेलवे कोल साइडिंग में अपराधियों ने मचाया उत्पात

# दो वाहनों को किया आग के हवाले

मेट्रो रेज

**लातेहार :** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसमाही रेलवे कोल साइडिंग के पास बीती रात अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया।

इस दौरान अपराधियों ने दो वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया है। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।

दरअसल बीती रात करीब 2:00 बजे अज्ञात अपराधी बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाटांड़ के पास पहुंचे और वहां कोयले से लदे दो वाहनों में आग लगा दी।



जानकारी के अनुसार, जब अपराधियों ने एक वाहन में आग लगाई तो दूसरे वाहन का चालक वहां से भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन, अपराधियों ने फायरिंग कर ट्रक चालक को रोक लिया और उसके साथ बदसलूकी करते हुए चालक को वाहन से उतार कर दूसरे वाहन में भी आग लगा दी।

घटनास्थल नेशनल हाईवे के बिल्कुल किनारे है। ट्रक चालक साबिर अंसारी ने बताया कि वह तुबेद से कोयला लेकर कुसमाही साइडिंग आ रहा था। लेकिन, साइडिंग के पास चार अपराधी पहुंचे और उसके वाहन को रोक लिया। अपराधियों ने सबसे पहले उसका मोबाइल छीन लिया और गाड़ी में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इससे पहले, लातेहार जिले के बालूमाथ स्थित रेलवे कोयला साइडिंग पर 28 नवंबर की सुबह अज्ञात अपराधियों ने कोयला लदे ट्रकों को निशाना बनाकर जमकर फायरिंग की थी। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं थी। लेकिन, घटना से क्षेत्र में डर का माहौल बन गया था। इस संबंध में घटनास्थल पर मौजूद ट्रक चालकों ने बताया था कि तड़के सुबह 4 बजे के लगभग मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपराधियों ने साइडिंग के अंदर प्रवेश किया और ट्रकों को निशाना बनाकर गोलियां चलानी आरंभ कर दी। अपराधियों ने इस दौरान लगभग 15 से 20 फायरिंग की थी। इसके बाद अपराधी घटनास्थल से फरार हो गए ।

## फुटबॉल मैच के दौरान भिड़े फैंस, 100 से ज्यादा की मौत

**गिनी :** गिनी के दूसरे सबसे बड़े शहर एन जेरेकोर में रविवार को एक फुटबॉल मैच के दौरान प्रशंसकों के बीच हुई झड़प में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई।

सोशल मीडिया पर इस हिंसा के कई वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। इस वीडियो में मैच के बाहर सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल दिख रहा है और कई शव जमीन पर पड़े हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने एन जेरेकोर पुलिस स्टेशन में भी तोड़फोड़ की और आग लगा दी।

एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबित यह हिंसा मैच रेफरी द्वारा एक विवादित निर्णय के साथ शुरू हुआ। इसके बाद फैंस ने पिच पर हमला कर दिया। स्थानीय मीडिया ने कहा कि यह मैच गिनी के जुंटा नेता ममादी डौंबौया के सम्मान में आयोजित एक टूर्नामेंट का हिस्सा था। डौंबौया 2021 के तख्तापलट में सत्ता पर कब्जा कर लिया था और खुद को राष्ट्रपति के रूप में स्थापित किया था। पश्चिम अफ्रीकी देश में इस तरह के टूर्नामेंट आम हो गए हैं। डौंबौया की नजरें अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में संभावित चुनाव



लड़ने और राजनीतिक गठबंधन बनाने पर टिकी हैं।

डौंबौया ने सितंबर 2021 में राष्ट्रपति अल्फा कोंडे को उखाड़ फेंककर बलपूर्वक सत्ता पर कब्जा कर लिया था। हैरान करने वाली बात यह है कि अल्फा ने ही डौंबौया को कर्नल के पद पर रखा था ताकि वह इस तरह के तख्तापलट से राज्य और उनकी रक्षा करने का काम करें। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय दबाव में डौंबौया ने 2024 के अंत तक एक नागरिक सरकार को सत्ता वापस सौंपने का वादा किय था, लेकिन अब उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वह ऐसा नहीं करेंगे।

### प. बंगाल से परीक्षा देने आयी नाबालिग छात्रा के साथ होटल में छेड़खानी

**रांची :** राजधानी रांची में एक बेहद ही शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां वेस्ट बंगाल से परीक्षा देने आयी एक नाबालिग छात्रा के कमरे में घुसकर बदमाशों ने छेड़खानी की। कपड़े उतरवाए और फोटो खींचकर ब्लैकमेल भी किया। यह घटना रांची के कटहल मोड़ स्थित एक होटल में हुई। मामले में छात्रा के पिता ने नगड़ी थाने में मालदा के सुभेंदु मंडल, शांतनु मंडल, तमिलनाडु के अभिषेक दत्ता, अर्कापराव दत्ता, सोमनाथ शर्मा पर केस किया है। पुलिस तहकीकात में जुट गई है।

पुलिस में की गई कंप्लेन में छात्रा के पिता ने बताया है कि घटना से उनकी बेटी काफी डरी- सहमी हुई है। उन्होंने कहा कि जब वह खाना खाकर कमरे में लौटे तो आरोपी फरार हो गये। छात्रा के पिता ने बताया कि आरोपी रूम नंबर 104 में ठहरे थे। चारो आरोपी उनके कमरे में जबरन घुस आए। परिचय देते हुए बेटी से दोस्ती की और छेड़खानी कर अश्लील हरकतें की। इसके बाद आरोपियों ने उनकी पुत्री के सारे कपड़े उतरवा दिए और उसे ब्लैकमेल करने लगे,लेकिन, कमरे में उनके पहुंचते ही सभी आरोपी वहां से अपने कमरे में चले गये।

### छत्तीसगढ़ : कांकेर में नक्सलियों की ओर से छिपाए गए आठ आईईडी बरामद

**कांकेर:** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलियों द्वारा लगाए गए आठ आईईडी बरामद किए। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 30वीं बटालियन और जिला रिजर्व गार्ड की संयुक्त टीम जब बारूदी सुरंग हटाने के अभियान पर निकली थी, तब कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के अतखाडियापारा गांव के पास दो-दो किलोग्राम वजनी आईईडी बरामद किए गए।

उन्होंने कहा, क्षेत्र में आईईडी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया था। सात विस्फोटक स्टील के टिफिन में तथा एक प्रेशर कुकर में रखे गए थे, जिन्हें नक्सलियों ने सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए लगाया था। इस बरामदगी से एक बड़ी त्रासदी टल गई। बम निरोधक दस्ते ने आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। बीएसएफ के फ्रंटियर मुख्यालय, भिलाई (जिला दुर्ग) के महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बल नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है एवं तत्परता व बहादुरी के साथ ऐसी कार्रवाई जारी रखेगा।

### लोकसभा में अडाणी व संभल मामले पर जोरदार हंगामा, लगे नारे



**नई दिल्ली :** गौतम अडाणी मामले पर संसद में सत्र के पांचवें दिन भी हंगामा जारी रहा। विपक्ष के सांसद अडाणी और संभल मामले पर चर्चा की मांग कर रहे थे। लोकसभा में पांचवें दिन सत्र शुरू होते ही सांसद अपनी सीट पर खड़े होकर नारे लगाने लगे। स्पीकर की अपील के बाद भी वे नहीं माने। इसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

दोबारा कार्यवाही शुरू हुई तो भी सांसद हंगामा करने लगे। स्पीकर ने निचले सदन को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने अडाणी मुद्दे पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया था। राज्यसभा में भी सोमवार को विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी रहा। इसकी वजह से कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

## किसान आंदोलन : दिल्ली आने वाले सभी रास्तों पर भयंकर जाम, गाड़ियों की लगी लंबी कतारें, यातायात ठप

**नोएडा :** अपनी मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश के हजारों किसान दिल्ली कूच पर निकले हैं। जिसके कारण दिल्ली बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दिल्ली आने वाले सभी रास्तों पर भारी जाम की स्थिति है। किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली पहुंच रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, कर्ज माफी और फसल की उचित कीमतें शामिल हैं। किसानों के विरोध प्रदर्शन के चलते पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में बैरिकेड लगाने और रूट डायवर्ट करने सहित सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं।

पुलिस की तरफ से जारी किए गए बयान के मुताबिक 2 दिसंबर को किसानों के दिल्ली आह्वान को लेकर दिल्ली/बार्डर एरिया में चेकिंग की जा रही है, जिसमें यातायात धीमी गति से संचालित हो रहा था, वर्तमान में सभी रेड लाइट को निरन्तर ग्रीन कर दिया गया है। एक बार फिर यातायात सामान्य गति से संचालित है।



कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस यातायात को सुचारू रूप से संचालित करा रही है। पुलिस अपने इस बयान के जरिए यह बताने की कोशिश कर रही है कि जाम को खुलवा दिया गया है। लेकिन सड़कों पर उतरे वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटे में तय करना पड़ रहा है। यह स्थिति तब बनी हुई है जब अभी तक किसानों ने अपने मीटिंग प्वाइंट तक पहुंचना शुरू भी नहीं किया है। हालांकि यातायात विभाग के मुताबिक डायवर्जन प्लान तैयार कर लिया गया है और जरूरत के हिसाब से उसे लागू किया जाएगा। महामाया फ्लाईओवर एक केंद्र बिंदु है जहां पर सभी किसानों को एकत्र होना है और फिर यहां से दिल्ली की तरफ बढ़ना है। यहां से कालिंदी कुंज के जरिए और डीएनडी और उसके बाद चिल्ला बॉर्डर के जरिए दिल्ली की तरफ जाया जा सकता है, जहां पर दिल्ली पुलिस और यूपी पुलिस दोनों ही तरफ से चेकिंग अभियान चलाकर किसी भी किसान को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश कर रही है।

### विरोध प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट की किसान नेताओं को हिदायत

## 'लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए'

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और अन्य किसान नेताओं से कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने किसान नेताओं से कहा कि 'वे प्रदर्शनकारी किसानों को राजमार्गों को बाधित न करने और लोगों को असुविधा न पहुंचाने के लिए मनाएं।' दरअसल किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने सुप्रीम कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की सदस्यता वाली पीठ ने सुनवाई की।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग को बंधक बना प्रताड़ित करने के आरोप में बुजुर्ग दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज

**रांचीः** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में 15 वर्षीय घरेलू सहायिका को प्रताड़ित करने के आरोप में एक दंपति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता झारखंड की रहने वाली है।
कोराडी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि दंपति की पहचान नौसेना से सेवानिवृत्त उमेश कुमार शाहू (68) और उनकी पत्नी मंजू शाहू (60) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया,बोकारो स्थित दंपत्ति के घर से पीड़िता को बचाया गया। छोटी-छोटी गलतियों पर उसे पीटा जाता था, दूसरों से बात करने से रोका जाता था और जब दंपति बाहर जाते थे तो उसे घर में बंद कर दिया जाता था। पड़ोसियों ने बाल अधिकार संरक्षण समिति को इसकी सूचना दी और उन्होंने नाबालिग को बचाया। इसके बाद समिति ने पुलिस को बुलाया। उन्होंने बताया कि बाल अधिकार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और नाबालिग को आश्रय गृह भेज दिया गया है।

### रेलवे लाइन पर मिला क्षत-विक्षत शव, जांच में जुटी पुलिस

**धनबाद :** धनबाद-हावड़ा रेलखंड के बरमसिया स्थित रेलवे लाइन के पास पोल संख्या 268/18 के समीप सोमवार की अहले सुबह एक युवक का शव क्षत विक्षत अवस्था में पाया गया। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गयी। जीआरपी शव की शिनाख्त में जुटी है। प्रथम द्दष्टया, ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई होगी। हालांकि युवक के मौत के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### आत्मविश्वास और एकाग्रता में सुधार के लिए खेलकूद जरूरीः मुस्तफा मजीद



**रामगढ़ः** डीएवी पब्लिक स्कूल नया नगर बरकाकाना में आयोजित आठ दिवसीय ऑल इंडिया एनसीसी ट्रैकिंग कैंप के दूसरे दिन रविवार को विद्यालय परिसर में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीएवी बरकाकाना प्राचार्य मो मुस्तफा मजीद, विशिष्ट अतिथि कमांडर कर्नल एस चक्रवर्ती और लेफ्टिनेंट कर्नल एंथोनी हेनरी व अन्य उपस्थित थे। अतिथियों ने एनसीसी कैडेट्स से परिचय प्राप्त कर खेल आरंभ कराया। मुख्य अतिथि प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद से शारीरिक और मानसिक दोनों तरह का समुचित विकास होता है। आत्मविश्वास और एकाग्रता में सुधार होता है। खेलकूद से तनाव, चिंता, अवसाद आदि जुड़ी समस्याएं कम होती हैं। खेलकूद से मनोबल ऊंचा रहता है और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की ताकत मिलती है। इससे टीम भावना, प्रतियोगिता की भावना, सहिष्णुता, धैर्य और साहस का विकास होता है।
वालीबॉल में दिल्ली व एनइआर विनर : वालीबॉल सीनियर का फाइनल एनइआर डायरेक्टेड बनाम दिल्ली डायरेक्टेड के बीच खेला गया। जिसमें कांटे के मुकाबले में दिल्ली ने एनइआर को 16-14, 6-15 और 8-15 से पराजित किया। जबकि जूनियर ग्रुप में एनइआर ने एमपी एंड सीजी को सीधे सेटों 15-9 और 15-3 से आसानी से हरा दिया। टैग का वार सीनियर फाइनल में दिल्ली ने बिहार एंड झारखंड को 2-1 से जबकि जूनियर ग्रुप के फाइनल में एनइआर ने वेस्ट बंगाल एंड सिक्किम को 2-1 से हराकर विजेता बना।

### प्रेम का संदेश देता है आगमन कालः आर्चबिशप



**रांची :** नामकुम के आरागेट स्थित संत फ्रांसिस चर्च में रविवार को चार धर्म बंधुओं जोनिश गाड़ी, नीरज कंडूलना, नेल्सन कुजूर व पायस बागे का अभिषेक ग्रहण हुआ। आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने अभिषेक ग्रहण कराया। अनुष्ठान की शुरूआत मिस्सा बलिदान से हुई। आर्चबिशप ने अपने संदेश में कहा कि आगमन काल सिर्फ आने वाले क्रिसमस की बाहरी तैयारी नहीं है। बल्कि यह समय पवित्रत, शुद्धता व एक-दूसरे के प्रति प्रेम दिखाने का काल है। अनुष्ठान में फादर हरमन मिंज, फादर प्रदीप कुमार, फादर साइमन मुर्मू, बेसिल रुंडा, पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो, वाल्टर किस्पोट्टा, फादर एंजेलुस एक्का, फादर रोशन तिड़ू, फादर फिलिप मिंज समेत अन्य पुरोहित व मसीही समाज के लोग शामिल थे।

### प्रकृति के साथ चलने की जरूरतः सरना समिति

**रांची :** हरमु स्थित वीर बुधु भगत धुमकुड़िया भवन में रविवार को परिचर्चा हुई। धुमकुड़िया टीम के बैनर तले ह्वउरांव समाज का धार्मिक चिन्ह डंडा कटना एवं अदि चाला अयंड का विरुपण वर्तमान चुनौतियां और समाधानह्व विषय पर परिचर्चा हुई। इसमें साहित्यकार महादेव टोप्पो, प्रो रामचंद्र उरांव, कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला से डॉ मनती कुमारी उरांव, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा अध्यक्ष रवि तिग्गा, संजय गांधी कॉलेज के प्रो चौठी उरांव, जमशेदपुर से लक्ष्मण मिंज, शयाम प्रसाद मुखर्जी विश्व विद्यालय के डॉ अभय सागर मिंज, डॉ तेतरु उरांव, धरम अगुवा चारे भगत, संजु टोप्पो सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उरांव, मेघा उरांव समेत शिवशंकर उरांव, सरिता उरांव शामिल थे। वक्ताओं ने कहा कि समाज की धार्मिक, आस्था, विश्वास और दर्शन समाज की सांस्कृतिक एवं धार्मिक रीढ़ होती हैं। जो सदियों से समाज के विभिन्न क्रियाकलापों में परिक्षित होती है। वर्तमान आधुनिक युग में आदिवासी समाज अन्य धर्मों की प्रतिक चिन्ह मान्यताओं से प्रभावित हुए हैं।
आदिवासी समाज अन्य धर्मों की नकल कर बाजार केंद्रीत होता जा रहा है। आज उरांव समाज में धार्मिक डंडा कटना चिह्न को तरह-तरह से बनाकर मनगढ़ंत व्याख्या किया जा रहा है। बाजार की मांग के अनुरूप अदि चाला अयंग या सरना मां का चित्र, फोटो फ्रेम और मूर्ति बनाये, बेचे और खरीदे जा रहे हैं। आज प्रकृति को अंगिकार करने की जरूरत है। तभी समाज को बचाया जा सकता है। आदिवासी संस्कृति धर्म, परंपरा धुमकुड़िया से ही बचा सकते हैं।
सरना समिति से संजय कुजूर ने कहा कि उरांव समाज में जो मान्यताएं होती हैं वह संस्कार से होता है। धर्म को निभाने के लिए आचरण, लेग नियम को निभाया जाता है। आदिवासी समाज का धार्मिक अगुवा पाहन होता है। आज पाहन अपना कर्तव्य सही ढंग से नहीं निभा रहा है। वर्तमान पीढ़ी समाज को सुधार नहीं पाया तो आने वाले पीढ़ी को बचाना मुश्किल हो जाएगा। समाज के लिए जो निर्धारित होता है। वह सामाजिक रुप से होना चाहिए।

# पलामू आश्रय स्थल में लड़कियों के कथित यौन शोषण मामले में दो गिरफ्तार

### उच्चस्तरीय जांच होः बीजेपी

मेट्रो रेज संवाददाता

**मेदिनीनगर/रांची :** पलामू जिले के एक आश्रय स्थल में दो लड़कियों के साथ कथित यौन शोषण के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।
आश्रय स्थल में लड़कियों का कथित यौन शोषण का मामला तब सामने आया जब मानवाधिकार कार्यकर्ता संध्या कुमारी ने 29 नवंबर को आश्रय स्थल का दौरा किया।
पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, पीड़ित लड़कियों ने




मानवाधिकार कार्यकर्ता कुमारी को आपबीती सुनाई। उन्होंने दावा किया कि उनके साथ कई बार यौन दुर्व्यवहार किया गया।
मामले में दो लोग गिरफ्तार, जांच जारीः एसपी
पलामू पुलिस अधीक्षक (एसपी) रेशमा रामेसन ने बताया कि लड़कियों के दावे के बाद इस मामले में नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। जिसके बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। एसपी रामेसन ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है।
झारखंड भाजपा ने की घटना के उच्चस्तरीय जांच की मांग : वहीं, झारखंड भाजपा ने घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। लड़कियों के साथ यौन दुर्व्यवहार की घटना को पार्टी ने राज्य मशीनरी और प्रशासन की विफलता बताया है।
राज्य सरकार पर बच्चों की सुरक्षा की अनदेखी का आरोपः झारखंड भाजपा के प्रवक्ता अजय शाह ने राज्य सरकार पर बच्चों की सुरक्षा की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हैं, ताकि लड़कियों को न्याय मिल सके।

### सीमा परवीन की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रांचीः** पत्थलकुदवा के पार्क नर्सिंग के समीप रहने वाली महिला सीमा परवीन की हत्या के आरोप में पुलिस ने रविवार को केस के मुख्य आरोपी मो अजीम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चिश्तिया नगर तालाब पट्टी का रहने वाला है। पुलिस उससे घटना को लेकर पूछताछ कर रही है। इसके अलावा केस में शामिल अन्य लोगों की भूमिका पर पुलिस जांच कर रही है। मालूम हो कि गत सोमवार को महिला की मौत हो गयी थी। जिसके बाद मंगलवार को मृतक की मां डोरंडा थाना क्षेत्र की रहमत कॉलोनी निवासी शहनाज खातून ने पांच लोगों पर अपनी बेटी की हत्या को लेकर केस दर्ज कराया था। दर्ज केस में मो अजीम के अलावा मो आलम, सीमा परवीन, रेशमा परवीन, कलाम अंसारी और जुलेखा खातून को आरोपी बनाया गया था।

## झारखंड भाजपा को जल्द मिलेगा नया प्रदेश अध्यक्ष

### विधानसभा चुनाव में हार के बाद बड़े बदलाव की तैयारी



मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** राजधानी रांची में भाजपा की दो दिवसीय चुनाव समीक्षा बैठक के बाद भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष का चयन अगले साल फरवरी तक हो सकता है। यह घोषणा 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान 7 या 8 दिसंबर को राज्य में शुरू होगा।
सदस्यता अभियान से आम जन तक पहुंचेगी भाजपाः बाजपेयी
लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने आगे कहा, इस सदस्यता अभियान के माध्यम से हम प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचेंगे और एक ऐसा संगठन बनाएंगे जो सभी को सुरक्षा प्रदान करेगा। बता दें कि बाबूलाल मरांडी अभी झारखंड भाजपा के अध्यक्ष हैं। लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि दो दिवसीय बैठक के दौरान प्राप्त सभी फीडबैक को नोट कर लिया गया है और यहां संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी की भविष्य की योजनाओं में इनपुट को ध्यान में रखा जाएगा।
सांसद डी। पुरंदेश्वरी को दी गई अहम जिम्मेदारीः भाजपा के झारखंड प्रभारी ने बताया कि सांसद डी। पुरंदेश्वरी को झारखंड में सदस्यता अभियान देखने के लिए नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा, सदस्यता अभियान को कैसे आगे बढ़ाया जाए, इस बारे में मार्गदर्शन देने के लिए वह शनिवार या रविवार को झारखंड में होंगी। वहीं पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया कि दो दिवसीय बैठक पांच सत्रों में हुई और चुनाव संचालन से लेकर प्रबंधन और नतीजों तक हर चीज पर चर्चा की गई।
झारखंड चुनाव में भाजपा का बुरा हालः हाल ही में संपन्न झारखंड चुनाव में भाजपा ने 81 विधानसभा सीटों में से 68 पर चुनाव लड़ा था, लेकिन केवल 21 सीटों पर ही जीत दर्ज कर पाई। झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय ने कहा कि उन्हें पूरे राज्य से पार्टी के लिए सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली हैं। उन्होंने कहा, चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में नहीं थे। यह केवल झामुमो, कांग्रेस और राजद की तरफ से जाति और धर्म के बारे में फैलाई गई गलत सूचनाओं के कारण था। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय बैठक में उन्हें संगठन या उम्मीदवारों की ओर से कोई कमी नहीं दिखी।
लोगों तक मुद्दों को पहुंचाने में कुछ कमी थीः रवींद्र राय
रवींद्र राय ने आगे चुनावी नतीजों को स्वीकार करते हुए कहा कि, हां, लोगों तक मुद्दों को पहुंचाने में कुछ कमी थी। राज्य में पार्टी का वोट शेयर बढ़ा है। आने वाले दिनों में हम और मजबूत होकर उभरेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम चाहे जो भी हों, पार्टी लोगों के हित में काम करेगी और सरकार पर कड़ी नजर रखेगी कि वह चुनाव के दौरान लोगों से किए गए वादों को पूरा कर रही है या नहीं। पार्टी के कुछ अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया कि राज्य में भाजपा की हार के पीछे 'अति आत्मविश्वास, पुराने कार्यकताओं की उपेक्षा, आंतरिक मतभेद और झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार की लोकलुभावन कल्याणकारी योजना 'मईयां सम्मान योजना' बड़ी वजह थे।'

### राजपूत समाज ने शहीद गौरीशंकर सिंह को दी श्रद्धांजलि



मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबाद/बोकारोः** क्षेत्रीय राजपूत समाज झारखंड प्रदेश ने शहीद गौरीशंकर सिंह की 10वें शहादत दिवस पर महुदा स्थित उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समाज के लोगों ने कहा कि शहीद के परिवार के साथ समाज हमेशा साथ है और रहेगा। जब तक सूरज-चांद रहेगा, गौरीशंकर सिंह का नाम रहेगा। मौके पर संगठन के केंद्रीय प्रवक्ता राधेश्याम सिंह, पूर्व महामंत्री शंकरदयाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, सावित्री देवी कार्यकारी अध्यक्ष राम बालक सिंह, जोनल अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ सिंह, सचिव निमाई सिंह, संत परशुराम सिंह, रामचंद्र सिंह, सुरेन्द्र नाथ सिंह, विधानचंद् सिंह, राजाराम सिंह, गिरधारी सिंह, कन्हैयालाल सिंह, विक्रम सिंह, टार्जन सिंह, राजाराम सिंह, महावीर सिंह, राजेश सिंह, संजय कुमार सिंह, रणजीत सिंह, निरंजन सिंह, दिलीप सिंह, गणेश सिंह, बादल सिंह, महादेव सिंह, संतोष सिंह, शिवराम सिंह, ललित कुमार सिंह, धीरेंद्रनाथ सिंह, मनोज सिंह, विश्वनाथ सिंह व केंद्र कमेटी जनरल कमेटी और ग्राम कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। इधर, समाजसेवी व पूर्व प्रत्याशी जगन्नाथ रजवार ने शहीद गौरीशंकर सिंह की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## जेएलकेएम की समीक्षा बैठक में पहुंचे जयराम

मेट्रो रेज संवाददाता

**कसमारः** प्रजापति धर्मशाला बांधडीह में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी । बैठक की अध्यक्षता जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष रथु लहेरी ने किया । संचालन रंजन प्रकाश ने किया । आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जयराम कुमार महतो ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी के सभी सहयोगी सदस्य पूरे हीं ताकत के साथ झारखंड में अपनी पहचान बनाने का काम किया है । आगामी विधानसभा चुनाव 2029 का 81 सीट पर लड़ा जाएगा । कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में हौसला बनाए रखें । संगठन को बुथ लेवल पर मजबूत बनाने का काम करेंगे । श्री महतो ने झारखंड के सभी मतदाताओं का पार्टी को



समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया । उक्त समीक्षा बैठक में बतौर विशिष्ट अतिथि बोकारो जिला अध्यक्ष अमरेश कुमार महतो , बोकारो जिला महिला अध्यक्षा रेखा महतो , उत्पल मंडल , विश्वजीत कुमार , महेश बेसरा , गुप्तेश्वर मंडल , बादल मूर्मू , रामकुमार टुडू , मजहर अंसारी , जिलानी अंसारी , गोबिंद महतो , शहजाद अंसारी , मंशु व कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## एड्स दिवस पर अविराम के प्रशिक्षुओं ने चलाया जागरुकता अभियान

मेट्रो रेज संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र में संचालित अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको ने एड्स दिवस पर पंडरा ग्राम में जागरुकता अभियान चलाया। प्रशिक्षुओं ने ग्रामीणों को जागरुकता रैली, दीवाल लेखन, नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से एड्स के बारे में बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में यह जागरुकता अभियान चलाया गया। शिवशंकर और पंकज कुमार भारती ने जागरुकता अभियान में अग्रणी भूमिका निभायी और एड्स से कैसे बचाव कर सकते हैं, इसके बारे में बताया। मौके पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने कहा



कि एड्स से बचाव केवल जानकारी और सतर्क रह कर ही हो सकता है। जागरुकता अभियान में उप मुखिया मुमताज पंवरिया, देवानंद महली, लाल धीरज, सफूल अंसारी, लव कुमार समेत बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जमीअतुल हवारीन की बैठक संपन्न

## घर- घर में शिक्षा का दीप जलाएं : मो. इसलाम

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** जमीअतुल हवारीन रांची के तत्वावधान में जमीअतुल हवारीन झारखण्ड के अध्यक्ष मो. इसलाम की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक मो. इसलाम के आवास में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई जिसमें रांची क्षेत्र के तमाम हवारीन पंचायत , एदारे एवं तंजीम के प्रमुख प्रतिनिधि मुख्य रूप से भाग लिए। बैठक में जमीअतुल हवारीन झारखण्ड के अध्यक्ष मो. इसलाम ने अपने सम्बोधन में घर- घर में शिक्षा का दीप जलाने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसी शय है जो इंसान को हर बुराई से रोकता है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा का दीप अपने घर के साथ साथ पूरे समाज व देश को रौशन करता है तथा समाज एवं राष्ट्र के विकास एवं उन्नति के लिए शिक्षा जरुरी है। बैठक में मरकजी हवारी पंचायत, जम्हूरी हवारी पंचायत, डोरंडा हवारी पंचायत, चौधरी हवारी पंचायत सहित अन्य प्रतिनिधियों ने समाज में फैल रही बुराईयों को रोकने, प्राईमरी से लेकर उच्च शिक्षा हासिल करने, समाज में स्वास्थ्य क्षेत्र में युद्ध स्तर पर कार्य करने, दहेज प्रथा पर अंकुश लगाते हुए शादी-विवाह को सरल बनाने, हवारी समाज के संगठन को और भी मजबूती प्रदान करने पर बल दिया।यूथ हवारी कमिटी के



अध्यक्ष साकिब हुसैन ने हवारी समाज के महिलाओं में जागरुकता लाने हेतु जमीअतुल हवारीन की महिला संगठन बनाने की बात कही जिसे सर्वसम्मति से लोगों ने सराहा। जमीअतुल हवारीन पंचायत के जेरे एहतमाम चलाए जा रहे हवारी मस्जिद के हिसाब- किताब पर भी चर्चा करते हुए हवारी मस्जिद कमिटी के पुराने पदाधिकारियों की सराहना की गई साथ ही साथ मस्जिद को और भी अच्छे ढंग से चलाने के लिए हवारी मस्जिद की पुरानी कमिटी को भंग करते हुए हवारी मस्जिद की नई कमिटी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया जिसमें पुरानी कमिटी के लोगों के साथ- साथ जमीअतुल हवारीन के प्रत्येक पंचायत से नए प्रतिनिधियों को चुनते हुए हवारी मस्जिद की नई कमिटी के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से हवारी मस्जिद निगरां कमिटी के अध्यक्ष मो. इसलाम को हवारी मस्जिद का मोतवल्ली के साथ- साथ हाजी मो. इम्तेयाज को हवारी मस्जिद कमिटी का अध्यक्ष, हाजी आबिद हवारी, मो. रफीक हवारी, मो. खुरशीद को उपाध्यक्ष, मो. साजिद हवारी सेक्रेटरी, मो. सलीम, जमील अख्तर आजाद व मो. साकिब हुसैन ज्वाइंट सेक्रेटरी, हाजी आबिद हवारी कोषाध्यक्ष के साथ साथ प्रत्येक पंचायत से प्रतिनिधि का चयन कर 17 लोगों को कार्यकारिणी समिति का सदस्य सर्वसम्मति से बनाया गया। कानूनी सलाहकार के रूप में मो. शमीम एडवोकेट को रखा गया जो समय - समय पर कानूनी सलाह के साथ-साथ हवारी समाज की उन्नति के लिए सदा मार्ग दर्शन करते रहेंगे।बैठक में जमीअतुल हवारीन झारखण्ड के अध्यक्ष मो. इसलाम, हाजी मो. इम्तेयाज, हाजी अहमद हवारी, मो. शमीम एडवोकेट, हाजी हलीम, तौफीक आलम, मो. समी हवारी, जमील,इंजीनियर वहाब दानिश, मो.सलीम,मो. शहजाद, साकिब हुसैन, जावेद अख्तर, मो.मोजफ्फर, सऊद आलम,मो. आमिर, मो.रिजवान, सलीम हुसैन, साजिद हवारी, जमील अख्तर आजाद, मो. सरताज, मो. शमीम, मो. मोख्तार, मो.असलम, मो.कलाम, मो. कलीम , हाफिज मो. इम्तेयाज सहित विभिन्न पंचायत एवं एदारे के प्रमुख प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे एवं अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरूआत तेलावते कलाम पाक से की गई एवं हाफिज मो. इम्तेयाज द्वारा सामूहिक दुआ के बाद धन्यवाद ज्ञापन मो. सलीम ने किया।

## हर्षोल्लास से मनाया गया बेथेसदा स्कूल का स्थापना दिवस



**रांचीः** बेथेसदा बालिका स्कूल में रविवार को 172वां स्थापना दिवस हर्षोउल्सास से मनाया गया। परमेश्वर विनती से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। रेव्ह आलोक मिंज और रेव्ह निशांत गुड़िया ने कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य अतिथि बिशप जोनसन लकड़ा, अटल खेस, रेव्ह आशीषन बागे, विद्यालय प्रबंधन कमेटी के सचिव जोन कंडुलना, आशा बागे, रेशमा केरकेट्टा, प्रधानाध्यापिका शीतल तिड़ू, मौजूद थे। इस अवसर पर अध्यक्ष बिशप सीमांत तिर्की ने कहा कि झारखंड का पहला बालिका विद्यालय बेथेसदा विद्यालय है। आज यहां से हर साल हजारो छात्राओ शिक्षा ग्रहण कर रही है और अपना सर्वांगीण विकास कर रही है। आज इसका 172वां स्थापना दिवस हम मना रहे हैं। मौके पर छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी। इसमें क्रिसमस नेटिविटी प्ले का मंचन, नागपुरी, नेपाली, संबलपुरी, बॉलीवुड के गीतों पर नृत्य पेश किया।

### झारखंड में दिखने लगा चक्रवात का असर

# बढ़ेगी ठंड, छाये रहेंगे बादल, सात जनवरी तक ऐसा ही रहेगा मौसम

**मेट्रो रेज**

**रांची :** राजधानी रांची सहित झारखंड के तकरीबन सभी जिलों में ठंड बढ़ गयी है। दिन प्रतिदिन तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। रविवार को रांची समेत कई जिलों में सुबह से ही दिन भर बादल छाया रहा। मौसम विभाग की मानें तो सोमवार की सुबह हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा या धुंध छाया रहेगा। उसके बाद दिन भर बादल छाये रहने का अनुमान है। सात दिसंबर तक इसी तरह मौसम रहेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र से जो जानकारी निकलकर सामने



आयी है उसके मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बनने वाला लो प्रेशर एरिया के विगत कई दिनों से बना हुआ था। अब वह चक्रवात में परिवर्तित हो लगा है। चक्रवात का असर झारखंड पर भी पड़ने की आसार है। इस वजह से कई जगहों पर हल्की बूंदा-बांदी हो सकती है। जिससे आने वाले दिनों और अधिक ठंड बढ़ने के आसार हैं।

**शाम होते ही अलाव की व्यवस्था में जुट जाते हैं लोगः** लगातार बढ़ती ठंड की वजह से लोग दिनभर स्वेटर, टोपी और मफलर पहने दिख रहे हैं। शाम होते ही विभिन्न जिलों में लोग अलाव की व्यवस्था में जुट जा रहे हैं। ठंड का असर के साथ पालतू पशुओं पर भी देखने को मिल रहा है। लोग धूप खिलने का इंतजार करने लगते हैं। इन मरीजों को ठंड से बचकर रहने की है जरूरतः मौसम में लगातार हो रहे बदलाव की वजह से सबसे अधिक प्रभावित बच्चे और बुजुर्ग हो रहे हैं। उनलोगों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिन्हें अस्थमा या सांस से जुड़ी कोई समस्या है। डॉक्टर भी ऐसे लोगों को खास तौर से ठंड से बचने की सलाह दे रहे हैं। वहीं, बढ़ती ठंड की वजह से अस्पतालों में ब्लडप्रेशर के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। डॉक्टर भी बीपी के मरीजों को नियमित जांच की सलाह देते हुए ठंड से बचने की सलाह देते हैं।

## एड्स जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक 'बचाव' की प्रस्तुति संपन्न

**रांचीः** स्वयंसेवी संस्था *आगाज* एवं संत जेवियर कॉलेज के टीम शक्ति के सदस्यों के तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मोरहाबादी मैदान स्थित ऑक्सीजन पार्क के अंदर जन जागरूकता नुक्कड़ नाटक *बचाव* प्रस्तुत किया गया। नाट्य कर्मियों ने अपने नाटक के माध्यम से एड्स जानकारी ही बचाव है एवं एड्स एक बीमारी है, बचाव इसका जरूरी है का संदेश दिया।

30 मिनट के इस नुक्कड़ नाटक में कलाकारों ने अपने प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया और अपने अभिनय को बखूबी जीने का प्रयास किया जिसे उपस्थित जनसामों ने काफी सराहना किया।




नाट्य प्रस्तुति अंकित कुमार गुप्ता, सौम्या ,रिमझिम ,राहुल ,सन्नी, सारिम, अनीश, प्रेम ,स्वाति, आर्य वर्तिका प्राची ,कौशल वगैरह प्रमुख कलाकार थे। मौके पर रिम्स के चिकित्सक डॉक्टर दिलीप कुमार ने एचआईवी- एड्स से बचाव की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने युवाओं को एड्स के प्रति जागरुक एवं सचेत रहना चाहिए। एड्स एक खतरनाक एवं समाज के लिए कलंक है इसे हम धैर्य और संयम से मिलकर मिटाएंगे ।

झारखंड आंदोलनकारी मानव घोष दस्तीदार ने सभी छात्रों एवं कलाकारों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हौसला अफजाई किये।

स्वयंसेवी संस्था आगाज की ओर से अर्को बोस, हर्ष कुमार, मानशि, अनामिका मुर्मू, युवराज संगै , प्रदीप कुमार, अदिति राज, देव आर्यन, आयुर कुमार, साकेत, श्वेता, सलोनी गुप्ता, शीतल, हर्षित, स्मृति, अरिकता सिंह, सलोमी सहित अन्य प्रमुख थे।

## उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर का लिया जायजा, दिये दिशा- निर्देश

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने आज सुबह समाहरणालय परिसर की साफ- सफाई एवं रखरखाव का जायजा लिया। इस अवसर पर साफ-सफाई के लिए प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी मौजूद थे। डीसी ने शौचालय की स्वच्छता, समाहरणालय प्रांगण के सौंदर्यकरण एवं पेयजल क्षेत्र की सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीसी ने अग्निशमन और ड्रेनेज की व्यवस्था को दुरुस्त करने और समाहरणालय में सौर ऊर्जा प्रणाली के विषय में जानकारी ली।

प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में



पदाधिकारियों की उपस्थिति की ली जानकारीःडीसी ने सभी अंचल एवं प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारियों की उपस्थिति की जानकारी गूगल लोकेशन के माध्यम से ली। कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर समाहरणालाय स्तर के सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों के आइडेंटी कार्ड व कर्मियों की उपस्थिति और जन शिकायत कोषांग के कार्यों की जानकारी भी ली।



## निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा महाप्रसाद का वितरण

**रांचीः** श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे द्वारा पुंदाग स्थित निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद श्री कृष्ण प्रणामी सद्गुरु कृपा अपनाघर आश्रम के प्रांगण मे स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में प्रत्येक रविवार को होने वाला 178 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण भंडारा में 1400 श्रद्धालुओ ने सत्संग भजन एव भक्तिभाव के साथ प्राप्त किया उसके बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

परमहंस संत शिरोमणि डॉक्टर श्री 108 श्री सदानन्द जी महाराज के आशीर्वाद से एमआरएस कृष्ण प्रणामी सेवाधाम के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवम कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान के नेतृत्व में 178वें निःशुल्क अन्नापूर्णा भंडारे का भोग मंदिर मे लगे भगवान की तस्वीर एवं मूर्ति के रुप मे विराजमान राज श्यामा महारानी को भंडारे का भोग अर्पित कर आरती की आरती करने के साथ पूरा मंदिर परिसर प्राणनाथ प्यारे की जय राज श्यामा महाराज की जय गुरु जी सदानंद जी महाराज के जय जयकारो से गुंजमान हो रहा था। मंगल राधिका सदानंद श्री कृष्ण प्रणामी सदगुरू कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) पुंदाग में रहकर सेवा लाभ ले रहे प्रभु जी को भी आज पंकज कुमार पोद्दार ने अपनी धर्म पत्नी रामा पोद्दार सुपुत्र ऋषभ पोद्दार एवं उनके परिवार के सौजन्य से दोपहर का विषेश प्रसाद कराया गया। 178 वे श्री कृष्ण भंडारा के वितरण का समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं मंदिर परिसर में लंबी-लंबी कतारे लग गई। श्री राज श्यामा की जय जयकारों से पूरा पुंदाग रोड गूंज रहा था । *इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान, नन्द किशोर चौधरी, ओम प्रकाश सरावगी,विष्णु सोनी, सुरेश चाधरी, सुरेश भगत, पुर्णमल सर्राफ,सुरेश अग्रवाल,सज्जन पाडिया, चिरंजीलाल खण्डेलवाल, अंजनी अग्रवाल, महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल, शोभा जालान,रचिता चौधरी कविता चौधरी,सुनिता अग्रवाल, कविता चौधरी, सरिता अग्रवाल सहित 50 से ज्यादा सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया। उक्त सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**मेट्रो रेज**

**रांचीः**श्रीमद् भागवत कथावाचक श्रीमान अचिंत्यचक्र दास (मुंबई*) ने सातवें एवं आखिरी दिन कथा के प्रसंग मे कहा नन्द महाराज एवं गोकुल वासियों द्वारा हर साल की तरह इंद्रदेव की पूजा की तैयारी मे लगे रहे पर श्री कृष्ण द्वारा अपने पिता नन्द को उनकी पूजा नहीं करने की सलाह दी।उन्होंने इंद्र के पूजा के बदले गिरी गोबार्धन जी की पूजा करने की बात कही। गिरी गोबर्धन जी की पूजा करें तो हमें हरी हरी प्रचुर मात्रा मे घास मिलेगी,वही घास गो माता खायेगी,जिससे वो दुध देगी,दुध से माखन बनेगा जो हम सभी खाते भी हैं और व्यापार भी करते हैं। नंद बाबा अपने पूर्वजों से होती आ रही परंपरा को निभाना चाह रहे थे। उनका मानना था इंद्र की पूजा से ही समय पर बारिश होती है। इसी भ्रम को तोड़ने के लिए श्री कृष्ण ने इंद्र की पूजा का बहिष्कार किया। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए



रुक्मणि कृष्ण विवाह का भी विशेष कथा सुनाते हुए विवाह को भव्य झांकी द्वारा श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किए।

तत्पश्चात श्रोता अतिथियों का स्वागत हुआ,फिर महा भंडारे के साथ कार्यक्रम की समापन हुई।

कथा आयोजक समिति ने कथा मे आए अतिथि रांची सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ,सरना समिति हेहल के अध्यक्ष जीतू तिर्की,पूर्व पार्षद गीता कुजूर,नारी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह,छात्र क्लब पर्यावरण मंच के संरक्षक कुमारी शीला,विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश,भाजपा नेत्री,सीमा मिश्रा एवं श्रोता भक्तों के प्रति आभार जताई। सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने मे मुख्यरूप गोविंद दास,शिव किशोर शर्मा,श्रीराम शर्मा,रामजतन शर्मा,पंकज लाल,श्री रामबली शर्मा, ओमप्रकाश वर्णवाल,श्री रामराज्य दास,हरिशंकर, राम रतन शर्मा,अनिल चौधरी, विनोद चौधरी,वसंत सिंह,नागेंद्र शर्मा,कलावती देवी,मीना देवी, बेरी देवी,सोना देवी,रीता देवी, प्रियांशु कुमारी,रेशमी कुमारी, श्रेया कुमारी,खुशी कुमारी आयुष कुमार व अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आलमगीर आलम के डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, ईडी कोर्ट का फैसला सुरक्षित



**रांचीः** टेंडर घोटाला के जरिए करोड़ों रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। सोमवार को ईडी और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट अब मंगलवार को अपना फैसला सुना सकता है। इससे पहले कोर्ट इस केस के अन्य आरोपियों की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर चुका है।

## तीन दिन से लापता नाबालिग लड़की का शव कुएं से बरामद

**लातेहारः** जिले के चंदवा में तीन दिनों से लापता नाबालिग का शव कुएं से बरामद हो गया। शव मिलने का बाद गांव में सनसनी फैल गई है। वहीं शव मिलने के बाद परिजनों में गुस्सा है। शव मिलने के बाद परिजनों और आक्रोषित ग्रामीणों ने एनएच 75 और 99 जाम कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है।

घर के पास अनुपयोगी कुएं से बरामद हुआ शवः चंदवा शहर से सटे डेम टोला निवासी गुडडू साव की नाबालिग बेटी तनु का शव सोमवार सुबह उसके घर के ही पास एक अनुपयोगी कुएं से बरामद किया गया। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। तनु पिछले तीन दिनों से गायब थी। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को भी दी थी।

परिजनों और ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने शव को कुएं से निकला। इसके बाद परिजन और ग्रामीण उग्र हो उठे। शव के साथ इंदिरा गांधी चौक पर एनएच 75 और 99 को जाम कर दिया। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। परिजन जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी और न्याय दिलाने की मांग पर अड़े थे।

### गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना में किया गया बदलाव

# पहले से लोन लिए हुए छात्रों को भी मिलेगा फायदा




**रांचीः** झारखंड सरकार की गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना में छात्रों के लिए खुशखबरी है। राज्य सरकार ने इसमें बड़ा बदलाव किया है, जिससे कि छात्रों को सहुलियत मिलेगी। जिन विद्यार्थियों ने बैंकों से पहले लोन ले लिया था अब वह भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। वह उस लोन को बैंक से बंद कर गुरुजी क्रेडिट कार्ड का फायदा उठा सकते हैं।

**क्या है गुरुजी क्रेडिट कार्ड का नया नियम और किसे मिलेगा फायदा ?**

गुरुजी क्रेडिट कार्ड के तहत उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले गरीब छात्रों को 15 लाख तक कम ब्याज में लोन दिया जाने का प्रावधान है। पहले इस योजना में ऐसे शर्त रखी गयी थी कि अगर पूर्व में किसी छात्र ने लोन ले रखा है तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। लेकिन राज्य सरकार ने छात्रों को बढ़ी राहत देते हुए इसके नियम में बदलाव किया कि अब पहले लोन लिए हुए छात्रों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्हें बस लोन को बंद कर बैंक से एनओसी लेना होगा। इसके अलावा राज्य में स्थायी निवास करने वाले डिप्लोमा धारी भी लोन ले पाएंगे।

**क्या है गुरुजी क्रेडिट कार्ड ?** कई बार ऐसा होता कि छात्र आर्थिक तंगी से जूझ रहे होते हैं और अपनी उच्च शिक्षा हासिल नहीं कर पाते हैं। उनके लिए झारखंड सरकार ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की थी। इस योजना के माध्यम से 15 लाख रुपये 4 % के ब्याज से मिलेगा और इस रकम को चुकाने के लिए 15 साल तक का समय मिलेगा। वहीं 4 लाख रुपये का लोन बिना ब्याज के दिया जाएगा। वहीं 10 और 12 वीं की पढ़ाई खत्म करने वाले विद्यार्थी भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

**नहीं रखनी होगी संपत्ति गिरवीः** आमतौर पर जब हम किसी भी बैंक से लोन लेते हैं तो हमें बैंक में अपनी किसी संपत्ति को गिरवी रखनी पड़ती है। लेकिन इस योजना की सबसे बड़ी बात ये है कि विद्यार्थियों को किसी भी तरह की संपत्ति गिरवी नहीं रखनी पड़ती है।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## 'महायुति' में जोर आजमाइश

**महाराष्ट्र** की महायुति' सरकार का शपथ ग्रहण 5 दिसम्बर को होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। 23 नवम्बर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के इतने दिनों बाद अभी तक नये मुख्यमंत्री के शपथ न ले सकने पर अटकलबाजियों का बाजार भी गरम है। हालांकि इतना तय है कि मुख्यमंत्री भाजपा का होगा और देवेंद्र फड़णवीस मुख्यमंत्री की दौड़ में आगे चल रहे हैं। इस बीच कार्यकारी मुख्यमंत्री और शिवसेना (शिंदे) के नेता एकनाथ शिंदे के अचानक स्वास्थ्य संबंधी कारणों से अपने पैतृक गांव चले जाने से यह भी लगता है कि महायुति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा। महायुति के घटक दल भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) के बीच बताया जाता है कि भाजपा को मुख्यमंत्री पद और उपमुख्यमंत्री के दो पद, जिनमें से एक- एक पद शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) को दिए जाने पर मुहर लग चुकी है। तो शिंदे का एकाएक अपने गांव चले जाने को क्या समझा जाये? दरअसल,संख्या बल के मद्देनजर मुख्यमंत्री पद पर शिंदे दावा करने की स्थिति में नहीं हैं। हालांकि उनके पक्ष के कुछविधायकों ने यह कहकर मामले को गरमाने की कोशिश जरूर की कि चुनाव उनके चेहरे पर लड़ा गया था और उनकी कुछ योजनाओं ने मतदाताओं को खासा प्रभावित किया जिससे महायुति के पक्ष में जनादेश आया। यह भी कहलवाया गया कि मुख्यमंत्री पद पर ओबीसी को लाया जाए। ढाई साल मुख्यमंत्री पद पर रहने का प्रस्ताव भी शिंदे के एक विधायक ने रखा था। लेकिन शिंदे को इतना साफ हो गया है कि भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री पद से नहीं नवाजने वाली। उस सूरत में तो कतई नहीं जब अजित पवार के समर्थन से बहुमत का आंकड़ा जुटाने की स्थिति में है। दरअसल, शिंदे की कोशिश है कि मुख्यमंत्री पद नहीं तो कुछ महत्वपूर्ण मंत्रालयों पर काबिज हुआ जाए। इससे एक तो उन्हें अपने दल को एकजुट बनाए रखने में मदद मिलेगी और दूसरेङ्क अपने मतदाता वर्ग को भी अपने साथ जोड़ेरखने में मदद मिलेगी। शिवसेना (उद्धव) से भविष्य में मिल सकने वाली चुनौती से निश्चिंत होने के लिए शिंदे के लिए जरूरी है कि अपने मतदाता वर्ग और विधायकों को एकजुट रखते हुए अपनी पार्टी को मजबूत बनाए रखें। बहरहाल, शिंदे के सामने ज्यादा विकल्प नहीं हैं। भाजपा के पास सीएम पद रहना तय है। शिवसेना और एनसीपी (अजित) से 1-1 डिप्टी सीएम हो सकते हैं। इस बीच घटक दलों में जोरआजमाइश जारी रहेगी।

## कर्मचारियों का हित जरूरी

**कर्मचारी** भविष्य निधि संगठन का खाताधारक बनने के लिए पंद्रह हजार रुपये से अधिक वेतन वाले कर्मियों को अभी और इंतजार करना पड़. सकता है। केंद्रीय न्यासी बोर्ड.की बैठक में श्रम मंत्री ने इस बाबत कोई जवाब नहीं दिया जो इसका अध्यक्ष भी होता है। ईपीएफओ के सारे फैसले यही बोर्ड.लेता है। बैठक में तीस हजार तक वेतन पाने वाले कर्मियों और श्रमिकों को ईपीएफओ का सदस्य बनाने के मामले में चर्चा ध्ण्होने के बावजूद मंत्री की तरफ से कोई आश्वासन नहीं दिया गया। न ही मंहगाई भत्ते देने या मुफ्त इलाज की सुविधाओं पर कोई जवाब मिला। बीते दस सालों में ईपीएफओ के खाताधारक/पेंशनर दोगुने हो चुके हैं। जमाराशि और सेटेलमेंट भी दोगुने हो चुके हैं मगर इसकी तुलना में कर्मचारियों की संख्या नहीं बढ़े। निचले वर्ग को पीएफ का लाभ देने से ना-नुकर करने वाली सरकार कारोबारियों के हितों को लेकर अभी भी पक्षपाती नजर आती है। जैसा कि बैठक में सरकार इंड़स्ट्री फ्रेंड़ली नीति के तहत माफी योजना लाई। जो कर्मचारियों का पीएफ नहीं जमा कर रहे हैं या जिन्होंने अपने कर्मियों को सदस्य बनाने में ढिलाई की उनपर कोई जुर्माना नहीं लगेगा। जैसा कि नियमों के अनुसार किसी भी कंपनी या फर्म में यदि कर्मचारियों की संख्या बीस से ज्यादा है तो ईपीएफओ में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। परंतु बहुत सी ऐसी कंपनियां हैं जो उनका पंजीकरण कराने या समय पर अंशदान करने में कोताही करती हैं जिससे खाता निष्क्रिय हो जाता है। लोक सभा में दी गई जानकारी के अनुसार संगठन में साढ़े आठ हजार करोड़. रुपये से अधिक की राशि निष्क्रिय खातों में जमा है। सरकार को इसका निपटान जल्द करना चाहिए। यह जरूरतमंदों की मेहनत की कमाई है। कारोबारियों की गलती का खमियाजा हमेशा नीचे का कर्मचारी और श्रमिक ही भुगतता है। खासकर इस वक्त जब सरकार पेंशन को लेकर नये नियम बनाने को उतावली है उसे संगठित और असंगठित क्षेत्रों के कर्मचारियों के प्रति अपना रवैया मुलायमियत भरा रखना चाहिए। पहले ही उनके श्रम का उचित आकलन करने से कारोबारी कतराते हैं उस पर नियमानुसार उन्हें मिलने वाली आर्थिक सुरक्षा में सेंध लगाने का मौका किसी पक्ष को दिया जाना कतई उचित नहीं कहा जा सकता। श्रम मंत्रालय को संवेदनशीलता दिखाते हुए अपने निर्णय पर पुनर्निरीक्षण करना चाहिए।

# नासूर बनता प्रदूषण

औद्योगिक प्रदूषण की जांच के लिए सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एनपीसीबी) बनाया हुआ है, जो यह जांच करता है कि उद्योगों ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकारी दिशा–निर्देशों का पालन किया है या नहीं, लेकिन इसके बावजूद देश में औद्योगिक प्रदूषण को लेकर आज भी स्थिति कितनी विकराल है, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है। कल–कारखानों एवं फैक्टरियों से निर्बाध रूप से निकलने वाले कार्बन उत्सर्जन वायु प्रदूषण के स्तर को दिनों–दिन बढ़ा रहे हैं, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियां दुनिया के सामने खड़ी हो रही हैं। हालांकि जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण के लिए दुनियाभर के देश वैश्विक उपाय कर रहे हैं, लेकिन ये उपाय अभी तक नाकाफी ही साबित हो रहे हैं।

**योगेश गोयल**

**प्रदूषण** को लेकर उद्योगों को जागरूक करने तथा लोगों में प्रदूषण और इसके खतरनाक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दो दिसंबर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का मूल उद्देश्य देश में प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों की आवश्यकता की ओर बहुत ज्यादा ध्यान देने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। वास्तव में यह दिन 1984 की उस भयानक गैस त्रासदी की घटना के कारण पीड़ित हुए लोगों के निर्दोष जीवन को याद करने के लिए चिह्नित किया गया है, जिसमें हजारों लोग भोपाल की यूसीआईएल फैक्टरी से मिथाइल गैस के हुए रिसाव के कारण मौत की नींद सो गए थे। इस दिन विशेष रूप से वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने को लेकर लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जाता है तथा देश में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों के बारे में भी लोगों को बताया जाता है। राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों को प्रदूषण को रोकने में मददगार विभिन्न कानूनों के बारे में अधिकाधिक जागरूक करना है।

हालांकि औद्योगिक प्रदूषण की जांच के लिए सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एनपीसीबी) बनाया हुआ है, जो यह जांच करता है कि उद्योगों ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकारी दिशा-निदेर्शों का पालन किया है या नहीं, लेकिन इसके बावजूद देश में औद्योगिक प्रदूषण को लेकर आज भी स्थिति कितनी विकराल है, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है। कल-कारखानों एवं फैक्टरियों से निर्बाध रूप से निकलने वाले कार्बन उत्सर्जन वायु प्रदूषण के स्तर को दिनों-दिन बढ़ा रहे हैं, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियां दुनिया के सामने खड़ी हो रही हैं। हालांकि जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण के लिए दुनियाभर के देश वैश्विक उपाय कर रहे हैं, लेकिन ये उपाय अभी तक नाकाफी ही साबित हो रहे हैं। घातक विकिरणों से धरती की सुरक्षा करती ओजोन परत में छेद के लिए वायु प्रदूषण को ही जिम्मेदार माना जाता है। वातवरण में उत्सर्जित की जा रही जहरीली गैसों के कारण ही ओजोन परत में छिद्र हुआ है, जिसे भरने के लिए कई दशकों से प्रयास हो रहे हैं, लेकिन इस कार्य में अभी तक सफलता हासिल नहीं हुई है। भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल के अनुसार वायु प्रदूषण विश्वभर में प्रतिवर्ष करीब सत्तर लाख लोगों की मौत का कारण बन रहा है। आंकड़ों के अनुसार स्थिति इतनी खराब है कि वायु में मौजूद प्रदूषक हवा के जरिये सीधे शरीर में प्रवेश कर फेफड़ों, मस्तिष्क तथा हृदय को नुकसान पहुंचाते हैं और दस में से नौ लोगों को सांस लेने के लिए शुद्ध हवा भी नहीं मिलती। भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार भयावह हो रही है। नेशनल हैल्थ प्रोफाइल की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में होने वाली संक्रामक बीमारियों में सांस संबंधी बीमारियों का प्रतिशत लगातार तेजी से बढ़ रहा है और देशभर में बड़ी संख्या में मौतें अब वायु प्रदूषण के कारण ही होती हैं। प्रदूषण अब इस कदर नासूर बनता जा रहा है कि पिछले कुछ समय से इस मामले में बार-बार देश की सर्वोच्च अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। खासकर दिल्ली एनसीआर के बढ़ते प्रदूषण स्तर पर तो सुप्रीम कोर्ट कई बार कड़ी नाराजगी जताते हुए कड़े निर्देश दे चुका है लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। हालांकि वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा करीब डेढ़ महीने से दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रैप के तहत कार्रवाई की जा रही है और अभी भी ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू हैं। इसके बावजूद सफलता न मिलना चिंतन की जरूरत जताता है।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली की प्रभावशीलता

देश में अभी भी जिस तरह से फर्जी राशन कार्ड चिंता का कारण बने हुए हैं, उन्हें शीघ्रतापूर्वक चलन से हटाना होगा। केंद्रीय खाद्य मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक राशन कार्ड के डिजिटलीकरण के चलते देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक कारगर बनाने के लिए आधार एवं ईकेवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रणाली के माध्यम से सत्यापन कराने के बाद अब तक फर्जी पाए गए 5 करोड़ 80 लाख से अधिक राशन कार्ड रद्द कर दिए गए हैं। चूंकि अभी तक पीडीएस लाभार्थियों में से करीब 64 फीसदी का ही ईकेवाईसी किया गया है, अतएव शेष का ईकेवाईसी तेजी से बढ़ाकर पीडीएस को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। यह भी जरूरी है कि देश के करोड़ों लोगों को पोषण सुरक्षा देने के लिए पीडीएस व्यवस्था के तहत गेहूं और चावल के साथ श्रीअन्न जैसे पोषण खाद्यान्न भी वितरित किए जाने का काम सुनिश्चित किया जाए। निश्चित रूप से ऐसे रणनीतिक प्रयासों से पीडीएस व्यवस्था को नया लाभप्रद रूप दिया जा सकेगा।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

**पीडीएस** प्रणाली के तहत लाभार्थी लक्ष्यीकरण की सटीकता में सुधार भी जरूरी है। पीडीएस के तहत प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण में ऐसे परिवर्तन की संभावना तलाशना जरूरी है, जिससे इस व्यवस्था की पारदर्शिता बढ़ाई जा सके और अकुशलता में भी कमी की जा सके। जरूरी है कि बहुआयामी गरीबी में उल्लेखनीय कमी के बीच लक्षित लाभार्थियों का भी दोबारा आकलन किया जाए। देश में अभी भी जिस तरह से फर्जी राशन कार्ड चिंता का कारण बने हुए हैं, उन्हें शीघ्रतापूर्वक चलन से हटाना होगा। राशन कार्ड के डिजिटलीकरण के चलते देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक कारगर बनाने के लिए आधार एवं ईकेवाईसी प्रणाली के माध्यम से सत्यापन कराने के बाद अब तक फर्जी पाए गए 5 करोड़ 80 लाख से अधिक राशन कार्ड रद्द कर दिए गए हैं। हाल ही में इंडियन कौंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनामिक रिलेशंस (आईसीआरआईईआर) के द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि देश पीडीएस के तहत भारतीय खाद्य निगम और राज्य सरकारों द्वारा आपूर्ति किए गए अनाज का 28 फीसदी इच्छित लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाता है। यानी सालाना करीब दो करोड़ टन अनाज का लीकेज होता है। अर्थव्यवस्था को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ती है। इस वजह से सालाना करीब 69 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का आर्थिक नुकसान होता है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए केंद्र सरकार का खाद्य सब्सिडी बिल 2.05 लाख करोड़ रुपए का है। इस शोध अध्ययन में पीडीएस व्यवस्था में लीकेज कम करने एवं इसकी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए प्रो. अशोक गुलाटी, राया दास और रंजना रॉय ने विशेष योगदान दिया है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वर्ष 2016 से राशन की दुकानों में पाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों की शुरूआत से लीकेज में कमी आई है। वर्ष 2011-12 की खपत संख्या के आधार पर शांता कुमार समिति ने कहा था कि पीडीएस व्यवस्था में करीब 46 फीसदी लीकेज है। यद्यपि इस समय इस लीकेज में कमी आई है, लेकिन यह अभी भी काफी अधिक है। ऐसे में जरूरी है कि पीडीएस के लिए बेहतर निगरानी और संरचनात्मक सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाए। गौरतलब है कि देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का इतिहास दशकों पुराना है, लेकिन देश में गरीबों पर केंद्रित लक्षित पीडीएस की शुरूआत जून 1997 में हुई है। इस समय दुनिया में भारत सबसे बड़ी सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली के लिए जाना जाता है। देश भर में मौजूदा पांच लाख से अधिक उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाता है। खास तौर से सितंबर 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के पारित होने के साथ ही पीडीएस व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है। यह अधिनियम देश की 67 फीसदी आबादी को अपने दायरे में लेता है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि सरकार के द्वारा कोविड-19 महामारी के दौरान वंचित वर्गों के पात्र लोगों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अतिरिक्त अनाज दिया जाने लगा है और तब से लगातार अब तक केंद्र सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत देश के 81.35 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न मुहैया करा रही है। सरकार ने वर्ष 2028 तक इस योजना का लाभ सुनिश्चित किया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश में कमजोर वर्ग के लोगों को व्यवस्थित रूप से निशुल्क खाद्यान्न वितरित किए जाने में पीडीएस की अहम भूमिका है। इससे गरीबी में कमी आ रही है। कई प्रमुख वैश्विक संगठनों के द्वारा उनकी रिपोर्टों में भारत में बहुआयामी गरीबी घटाने में 81 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न दिए जाने और उससे गरीब वर्ग की उत्पादकता बढ? के निष्कर्ष भी दिए गए हैं। अमेरिका के प्रसिद्ध थिंक टैंक दि ब्रुकिंग्स इंस्ट्रीट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां वर्ष 2011-12 में भारत की 12.2 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीब थी, वहीं यह वर्ष 2022-23 में घटकर महज दो फीसदी ही रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीबों की उत्पादकता वृद्धि, तेज विकास और असमानता में कमी के चलते भारत को यह कामयाबी मिली है। यद्यपि पीडीएस व्यवस्था के तहत निशुल्क खाद्यान्न वितरण से देश में गरीबी व असमानता में कमी आ रही है, लेकिन अभी भी कमजोर वर्ग तक निशुल्क गेहूं और चावल के अलावा पोषणयुक्त श्रीअन्न यानी मिलेट्स की उपयुक्त आपूर्ति न होने से करोड़ों लोग पोषण सुरक्षा के मद्देनजर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। वैश्विक भूख की पीड़ाओं से संबंधित कुछ रिपोर्टों में भारत की पोषण सुरक्षा और भूख की पीड़ाओं को भ्रामक तरीके से भी प्रस्तुत किया जा रहा है। कई रिपोर्टों में सामने आया है कि भारत में बड़ी संख्या में लोगों की पोषण संबंधी जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। हाल ही में प्रकाशित ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) 2024 में भारत 127 देशों में 105वें नंबर पर है। पिछले साल 125 देशों में 111वें स्थान पर था और 2022 में 121 देशों में से 107वें स्थान पर था। यानी इस साल जीएचआई में हालत मामूली ठीक है। लेकिन भारत के लिए अभी भी हंगर इंडेक्स का स्कोर 27.3 है जो गंभीर बना हुआ है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के द्वारा जारी रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत में करीब 74 फीसदी लोगों को पोषणयुक्त आहार नहीं मिल पाता है। निश्चित रूप से देश के 81 करोड़ से अधिक लोगों तक निशुल्क खाद्यान्न वितरण, इच्छित लाभार्थियों तक इसकी उपयुक्त पहुंच और पोषणयुक्त खाद्यान्न की आपूर्ति सनिश्चित करने के मद्देनजर देश की पीडीएस व्यवस्था पर नए सिरे से विचार करना होगा।

## सहानुभूति

### चिंतन-मनन

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**स**हानुभूति मनुष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सहानुभूति एक शक्ति है, संबल है, जिससे मानवता के हितों की रक्षा होती है। सहानुभूति इतनी विशाल आत्मिक भाषा है कि इसे पशु-पक्षी तक प्यार करते हैं। किसी चरवाहे पर सिंह हमला कर दे तो समूह के सारे जानवर उस पर टूट पड़ते हैं और सींगों से मार-मारकर बलशाली शेर को भगा देते हैं। एक बंदर की आर्त पुकार पर सारे बंदर इकट्ठा हो जाते हैं। बाज के आक्रमण से सावधान रहने के लिए चिड़ियां विचित्र प्रकार का शोर मचाती हैं। यह बिगुल सुनते ही सारे पक्षी अपना-अपना मोर्चा मजबूत बना कर छुप जाते हैं। सहानुभूति की भावना से जब पशुओं तक में इतनी उदारता हो सकती है तो मनुष्य इससे कितना लाभान्वित हो सकता है इसका मूल्यांकन भी नहीं किया जा सकता। सहानुभूति के विकास के साथ चार और सुणों का विकास होता है। दयाभाव,उदारता, भद्रता; , अंतःदृष्टि। सहानुभूति की भावनाएं जितना अधिक प्रौढ़ होती हैं,दया भावना उसी के अनुरूप एक आवेश मात्र न रह कर स्वभाव का एक अंग बन जाती है। जीव-जंतुओं के प्रति भी दया आने लगती है। स्वेच्छापूर्वक किसी का उपकार करना ही उदारता है यह सहानुभूति का दूसरा चरण है। इस कोटि के सभी व्यक्ति भद्र माने जाते हैं। इन सज्जनोचित भावनाओं से अंतःदृष्टि जागृत होती है। जो सबको परमात्मा का ही अंश मानते हैं वही आत्मज्ञान के सच्चे अधिकारी होते हैं। निर्दयतापूर्वक किए गए कार्य, नीचता, ईर्ष्या, विद्वेष और संदेह के दुगुर्णों के कारण लोगों को बाद में बड़ा पश्चाताप करना पड़ता है। जब चारों तरफ से असहयोग, अविश्वास और असम्मान लोग व्यक्त करने लगते हैं, तो अपने कुकृत्यों पर आत्मग्लानि होती है। सोचते हैं,हमने भी परोपकार किया होता,दूसरे के दुःखों को अपना दुःख समझ कर मेल- व्यवहार पैदा किया होता तो आज जो अकेलेपन का दुःख भोग रहे हैं उससे तो बच गए होते। इस पश्चाताप की अग्नि में जल-जल कर लोग अपनी शेष शक्तियों का भी नाश कर लेते हैं किंतु जो दूसरों के हृदय के साथ अपना हृदय मिला देते हैं उन्हें सभी से निश्छल प्रेम मिलता है और मर्म- ज्ञान प्राप्त होता है।

## आपके पत्र

### शादियों में दिखावा, गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए।

**मनीष जायसवाल, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## वृद्ध व्यक्ति कुछ जी बताने में असमर्थ

**साहिबगंज :** सकरीगली पलटनगंज बाजार के पास गंभीर अवस्था में पड़े एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति को वही के रहने वाले प्रभु मुंडा नामक व्यक्ति ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां सदर अस्पताल में चिकित्सक की देखरेख में वृद्ध व्यक्ति का इलाज किया जा रहा है। वही वृद्ध व्यक्ति कुछ जी बताने में असमर्थ हैं जिसके कारण उसकी पहचान अब तक नहीं हो पाई हैं।वहीं वृद्ध व्यक्ति की दे शाम इलाज के दौरान मौत हो गई।

## मानव तस्करी से बचने के लिए थाना प्रभारी ने लोगों को किया जागरूक

साहिबगंज/उधवाः राधानगर पुलिस ने शनिवार को उधवा चौक के पास मानव तस्करी से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया। थाना प्रभारी के द्वारा उपस्थित लोगों को मानव तस्करी पर रोक लगाने व उससे बचने का मूल मंत्र सिखाया। इस दौरान थाना प्रभारी नीतेश कुमार पांडेय ने लोगों को बताया कि ग्रामीण कभी भी किसी के झांसे में नहीं आए अपने बच्चों के संभाल कर रखे। कभी भी किसी अनजान व्यक्ति के संपर्क में बच्चों नही आने दे। उन्होंने कहा कि कभी कभी खुद के पहचानने वाले ही इस धंधे में लिप्त होते है। उससे बचने की जरूरत है। अगर गांव में लगातार कोई व्यक्ति आता है और प्रलोभन देता है और अच्छा काम दिलाने का वादा करता है तो उसका सत्यापन करे। इस तरह के कारनामे करने वाले आरोपी गांव के भोले भाले लोगों को अपनी बातों में उलझा कर इस काम को अपना व्यवसाय बना रखा है। उस व्यक्ति पर कोई शक शंका लगे तो उसे चिन्हित कर स्थानीय थाना को तुरंत सूचना दे,ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गांव के जागरूक व्यक्ति ही मानव तस्करी को लेकर ग्रामीणों को जागरूक कर बेहतर समाज का निर्माण करने में भागीदारी निभा सकते है। जन जागरूकता से ही इसे पूरी तरह से रोका जा सकता है।

## झारखंड मजदूर संघ की बैठक में केंद्रीय अधिवेशन को लेकर की गई चर्चा



**साहिबगंज/बाकुड़ी :** झारखंड मजदूर संघ प्रजा की बैठक केंद्रीय कार्यालय बाकुडी में केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई।बैठक में प्रस्तावित 21 दिसंबर 2024 को बाकुडी रेलवे मैदान में केंद्रीय अधिवेशन तैयारी को लेकर चर्चा की गई।यह अधिवेशन 3 वर्ष में एक बार होता है।इस अधिवेशन में केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारी के कार्यों की समीक्षा की जाएगी और संगठित कार्य सुस्त अधिकारी को पद मुक्त करते हुए नई कमेटी का गठन किया जाएगा।मजदूरों का हक अधिकार दिलाने के लिए संगठन संकल्पित होगा।मौके पर गणेश ठाकुर,चंचल कुमार यादव,रक्षित घोष,फूल कुमारी देवी,मंजू देवी,प्रेमलता देवी,प्रदीप कुमार भगत,तूफान यादव,अमित कुमार मंडल,ललित कुमार वर्मा,गोविंद कुमार संदीप घोष,दिवाकर यादव,अर्जुन कुमार महतो,सरीन कुमार महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## आतापुर में विधायक के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों में खुशी

**साहिबगंज/उधवाः** प्रखंड के आतापुर में झामुमो महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष बसंती हांसदा ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया.जानकारी के अनुसार आतापुर पंचायत के केशववाटी गांव में बीते एक सप्ताह पूर्व ट्रांसफार्मर खराब हो गया था।जिससे गांव में बिना बिजली अंधेरा छा गया था।स्कूली बच्चों का पाठन-पठन पूरी तरह प्रभावित हो गया था।ग्रामीणों ने इसकी सूचना राजमहल विधायक ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा को दिया।विधायक ने मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए बिजली विभाग के पदाधिकारी से बात कर उक्त गांव में नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।ट्रांसफार्मर लगने से गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है।ग्रामीणों ने विधायक एमटी राजा के प्रति आभार जताया है।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष उधवा तमरूद्दीन शेख,प्रखंड सचिव कीनू सोरेन,काजू मल्लिक, मुखिया सुशीला किस्कू,टिपू सुल्तान सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रोत्साहन राशि से जुड़ी उनके मांगों को सरकार तक रखा जाए : नसीम

**साहिबगंज/राजमहलः** रविवार को विधायक के निजी कार्यालय में पंचायत सहायक संघ के एक शिष्टमंडल प्रखंड अध्यक्ष नसीम अख्तर के नेतृत्व में विधायक से मिलकर उनका स्वागत व अभिनंदन करते हुए पंचायत सहायक संघ के प्रमुख मांगों से उन्हें अवगत कराया।संघ के शिष्टमंडल ने आग्रह किया कि प्रोत्साहन राशि से जुड़ी उनके मांगों को सरकार तक रखा जाए विधायक ने उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचने का आश्वासन दिए हैं।मौके पर लक्ष्मण मंडल,अली हुसैन,तारकेश्वर प्रमाणिक,भोलाराम मंडल,अब्दुल जब्बार,तौकीर शेख सहित अन्य मौजूद थे।

## अयोध्या धाम में होगा तीसरा राष्ट्रीय साहित्य समागम

**साहिबगंजः** साहित्य की दुनिया राष्ट्रीय साहित्यिक मंच का तृतीय राष्ट्रीय साहित्य समागम एवं कवि सम्मेलन भरतीया रोड स्थित अयोध्या धाम में आयोजित किया जाएगा।रविवार को महाजन पट्टी स्थित गोपाल चोखानी के आवास पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बड़ी धर्मशाला के मैदान में निर्माण का कार्य होने के कारण इस वर्ष का कार्यक्रम जमुना दास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय के सामने स्थित अयोध्या धाम में आयोजित कराया जाए।यूको बैंक के सेवानिवृत अधिकारी प्रतुलचंद्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष गोपाल चोखानी के द्वारा पिछले कार्यक्रमों से संबंधित आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया. जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित कर लिया गया।तीसरी वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष के कार्यक्रम में हास्य रस के कवि प्रमोद चोखानी प्रयागराज एवं रमेश अम्बष्ट दुमका के अलावा गजलकारा रंजना लता वीर रस की कवयित्री स्मृति झा मधुबाला शांडिल्य प्रवीण पांडे के अलावा श्रृंगार रस एवं ओज के वरिष्ठ कवि रचनाकारों का पदार्पण साहिबगंज में होने जा रहा है. मंच के महासचिव सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष 21 दिसंबर को दोपहर एवं शाम में दो अलग-अलग सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जबकि 22 दिसंबर को पूर्वाहन के सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन एवं अपराह्न के सत्र में समापन सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि साहिबगंज शहर के बाल कवियों को भी इस मंच पर मौका दिया जाएगा जिसके लिए सेवानिवृत शिक्षक विभीषण पासवान दिलीप कुमार के अलावा अनुराग राहुल और विक्रम कुमार साहिबगंज के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के कविता एवं उसकी प्रस्तुति के आधार पर चयन करेंगे।चयनित छात्र-छात्राओं को भी राष्ट्रीय कवियों के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति देने का अवसर प्राप्त होगा।

# पाकुड़ में कारोबारी पर फायरिंगः गोलीकांड में शामिल पांच अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

**पाकुड़ः** जिला में कारोबारी पर फायरिंग के मामले का खुलासा पुलिस ने किया है। इस गोलीकांड में शामिल पांच अपराधियों को पुलिस ने हथियार व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार पांचों अपराधियों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि अन्य अपराधियों की धर पकड़ को लेकर संभावित ठिकानों पर पुलिस छापामारी कर रही है। ये जानकारी पाकुड़ एसपी प्रभात कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकार सम्मेलन कर दी है।

एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि बीते शुक्रवार को पाकुड़िया-महेशपुर मुख्य सड़क किनारे लूटपाट की घटना को अंजाम देने के दौरान व्यवसायी अजय भगत को गोली मार दी गयी थी। जिस कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गए और घटना को अंजाम देने कर बाद सभी अपराधी बाइक से भाग गये थे। इस मामले के उद्भेदन के लिए एक टीम बनायी गयी और टीम में शामिल



अधिकारियों ने पाकुड़ एवं अन्य थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में दुमका जिला के गोपीकांदर थाना ओमडोदाहा से लखीराम मिर्धा, पाकुड़ में हिरणपुर थाना क्षेत्र के डांगापाड़ा से संजय मिर्धा, महेशपुर थाना क्षेत्र के डूमरघाटी से चांद मड़ैया, पाकुड़िया थाना क्षेत्र के तेतुलिया से विश्वजीत मिर्धा और काली प्रसाद गोराई शामिल हैं। इस घटना में इस्तेमाल किये गए देसी कट्टा के अलावा 8 जिंदा कारतूस, दो बाइक, 4 मोबाइल एवं एक हेलमेट को जब्त किया गया है।

इसके अलावा एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि ये सभी अपराधी लूटपाट के अलावा पत्थर व्यवसायियों को धमकी देकर राशि भी उसूली करने का काम करते थे। इन लोगों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस गैंग के एक और सदस्य फरार है, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर संभावित ठिकानों पर छापामारी की जा रही है।

पाकुड़िया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को ही सीएसपी में लूटपाट की घटना में शामिल अपराधी की गिरफ्तारी को लेकर एसपी ने बताया कि यह दूसरे गैंग के अपराधी हैं। उसका सुराग मिल गया है, जल्द ही सभी अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होगा। एसपी ने बताया कि अपराधियों को हथियार सप्लाई करने वालो की भी जानकारी पुलिस को मिली है और सप्लायर भी जल्द गिरफ्तार हो जाएगा।

## संत जेवियर स्कूल ए बनाम जवाहर नवोदय विद्यालय के बीच मैच खेला



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर16 क्रिकेट लीग टूनामेंट के तहत रविवार को संत जेवियर स्कूल ए बनाम जवाहर नवोदय विद्यालय के बीच मैच खेला गया।जवाहर नवोदय विद्यालय ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 10 विकेट पर 171 रन बनाये। वसीम अख्तर ने 34, सोनू उरांव ने 18, अमन कुमार ने 26, अंशु चौरसिया ने 19, साहिल राज ने 21 रनों की पारी खेली। संत जेवियर स्कूल ए के गेंदबाज प्रतीक, आकाश व आयुष ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जेवियर स्कूल की टीम 24 ओवर में 147 रन बना कर ऑल आउट हो गई। आकाश दूबे ने 43, अमित राज ने 16, अभिषेक ने 11, ललित नारायण ने 20 व आर्यन गुप्ता ने 24 रन बनाए। जवाहर नवोदय विद्यालय के गेंदबाज वसीम अख्तर ने 4, अमन व सोनू उरांव ने 2-2 व साहिल ने 1 विकेट लिया। जवाहर नवोदय ने 24 रनों से जीत हासिल की। जवाहर नवोदय विद्यालय के खिलाड़ी वसीम अख्तर को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि दंत चिकित्सक डॉ अरशद ने वसीम अख्तर को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा व स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, अमित तिवारी, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, राजीव कुमार सहित अन्य मौजूद थे। टूनामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि 02 नवंबर को कंबाइंड इलेवन बनाम माही स्पोर्ट्स येलो के बीच मैच खेला जाएगा।

## एड्स कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है : बसंत महतो

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंजः** स्वास्थ्य कर्मी व मंथन की ओर से रविवार को विश्व एड्स दिवस पर समलापुर मोहल्ले में ग्रामीणों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया। वही जागरूकता के दौरान आईसीटीसी के बसंत महतो ने कहा कि एड्स कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है। एक साथ खाना खाने से एक-दूसरे का कपड़े पहने से या एक ही शौचालय का उपयोग करने से किसी को नहीं होती है। लोगो को एड्स के बारे में यह एक भ्रम है। यह असुरक्षित यौन संबंध बनाने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को होती है। जिस महिला को एचआईवी पॉजिटिव है, उसके रक्त का प्रयोग करने, एचआईवी



संक्रमित रक्त चढ़ाने, एचआईवी सुई का प्रयोग दूसरे समान व्यक्ति में करने से एड्स होने की संभावना होती है। वहीं उपस्थित मंथन के प्रोग्राम मैनेजर अपूर्व महतो ने कार्यक्रम को संबोधित कर बताया कि संयम और समझदारी से ही एड्स से बचा जा सकता है। एड्स व उससे बचाव के बारे में लोगो को जागरूक किया गया।मौके पर बसंत महतो,उमा कुमारी, महताब अंसारी, शबनम प्रवीण,नाहिद परवीन,आफिया परवीन आदि मौजूद रहे।

## पूर्ण तरीके से लाभुकों को मिलेगी सरकार की योजनाओं का लाभ : विधायक



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/राजमहल :** राजमहल विधानसभा के विधायक एमटी राजा रविवार को राजमहल प्रखंड क्षेत्र के फुलवरिया सहित आसपास के लगभग 15 गांव का भ्रमण किए।भ्रमण के दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों ने फूल माला एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर विधायक का भव्य स्वागत किया।विधायक ने भी जनता के प्रति आभार प्रकट किए.इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने योजनाओं के लाभ लेने में उत्पन्न होने वाली कई छोटी-मोटी समस्याओं से भी विधायक को अवगत कराया।विधायक ने ग्रामीणों से कहे कि पारदर्शिता पूर्ण तरीके से राज्य सरकार के सभी योजनाओं को पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के माध्यम से धरातल तक उतारा जाएगा और उचित लाभुकों को योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किया जाएगा.सरकार की सभी वैसी महत्वाकांक्षी योजनाओ को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा.अगर किसी योजना के लाभुकों का आवेदन कार्यालय में लंबित हो और अब तक योजना से वंचित है तो इसकी समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाएगा।मौके पर सैकड़ो महागठबंधन के समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## साहिबगंज से काला कानून खासमहल समाप्त हो : नागरिक मंच

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंजः** शहर के रेलवे जनरल इंस्टीच्यूट मैदान में नागरिक मंच की एक बैठक रामसुरेश यादव की अध्यक्षता में हुई।बैठक में सर्वप्रथम राजमहल विधानसभा की समस्त जनता का आभार प्रकट किया गया कि राजमहल विधानसभा चुनाव में हिंदू मुसलमान ना करके चुनाव में सभी ने बढ़कर भाग लिया।बैठक में कई प्रस्ताव पारित कर निर्णय कि साहिबगंज जिले से काला कानून खासमहल समाप्त कराने को लेकर राजमहल विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक एम टी राजा से मांग की जायेगी कि मुख्यमंत्री से पहल कर खासमहल को समाप्त कराने का कार्य करें,वही साहिबगंज की जर्जर सड़क और प्रतिदिन जाम



को लेकर साहिबगंज उपायुक्त से एक शिष्टमंडल मिलकर साहिबगंज नगर के तालबन्ना घोड़मारा पुल से पूर्वी फाटक होते हुए सुभाष चौक तक की सड़को का निर्माण व जाम से निजात दिलाने की मांग की जाएगी।बैठक में ललित स्वदेशी मुरली धर तिवारी,जनार्दन प्रसाद साह, दीपनारायण पासवान, गोपाल चौखानी, भानु प्रताप सिंह, कालू यादव, राजेंद्र प्रसाद साह, अभिक्रम सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुफस्सिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटी कोदरजन्ना निवासी अरशद शेख को पोस्को एक्ट के आरोप में मुफस्सिल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि 12 वर्षीय नाबालिक के पिता ने आवेदन देकर अपनी पुत्री की बरामदगी कि गुहार लगाया था। पुलिस ने आवेदन के आलोक में कार्रवाई करते हुए आरोपी अरशद को गिरफ्तार किया गया है साथ ही नाबालिक को भी सकुशल बरामद किया गया। इधर आरोपी से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। ज्ञात होकि नाबालिक महादेवगंज में लगे गौशाला मेला देखने गई थी। मेला देखने के दौरान छोटी कोदरजन्ना निवासी मो. अरशद शेख ने लेकर फरार हो गया।लेकिन कुछ दिन अपने साथ रखने के बाद नाबालिक को भागलपुर रेलवे स्टेशन में अकेले छोड़ दिया ।

## ट्रैक्टर की चपेट मे आने से युवक गंभीर रूप से घायल, लाया गया सदर अस्पताल

साहिबगंजःजिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत झंडा मेला कैलाश मोड के पास बाइक सवार अनिल हेंब्रम ट्रैक्टर के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया वही स्वजनों ने आनन -फानन में साहिबगंज सदर अस्पताल लाया जहां डॉक्टर कुलदीप कुमार गुप्ता के देख रेख में इलाज किया जा रहा है वही अनिल हेंब्रम पिता विनोद हेंब्रम ने बताया कि हमलोग फुटबॉल खेल के अपने घर पुलिस लाइन जा रहे थे कि अचानक कैलाश मोड के पास सामने से ट्रैक्टर आ गया वही संतुलन बिगड़ने से बगल के नाला मे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।

## देवघर सदर अस्पताल में शुरू हो रही नई व्यवस्था आयुष्मान भारत के मरीजों का विशेष वार्ड में होगा इलाज

मेट्रो रेज संवाददाता

**देवघरः** जिला की चिकित्सीय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में देवघर सदर अस्पताल में एक बेहतर पहल की शुरूआत की गई है। जिसके तहत आयुष्मान भारत कार्ड से इलाज करवाने वाले मरीजों के लिए एक विशेष वार्ड बनाया जा रहा है।

इस नई व्यवस्था को लेकर जिला के नोडल पदाधिकारी डॉ। शरद कुमार बताते हैं कि इस व्यवस्था के तहत आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत इलाज करवाने वाले मरीजों के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। देवघर सिविल सर्जन डॉ। युगल किशोर चौधरी के आने




के बाद इस व्यवस्था की शुरूआत की जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए एक विशेष वार्ड बनाया जा रहा है। जिससे मरीजों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

वहीं सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ। युगल किशोर चौधरी ने बताया कि देवघर के सदर अस्पताल में आयुष्मान मरीजों के रजिस्ट्रेशन को भी ऑनलाइन किया जा रहा है। साथ ही आने वाले समय में सारी व्यवस्था को ऑनलाइन करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे मरीजों को घंटों लाइन में नहीं खड़ा रहना पड़े।

बता दें कि देवघर सदर अस्पताल में ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। ऐसे मरीज आर्थिक रूप से कमजोर और लाचार होते हैं। इसलिए आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज करवाने वाले मरीजों की संख्या सदर अस्पताल में ज्यादा होती है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन के द्वारा की गई यह नई पहल कहीं न कहीं गरीब और लाचार मरीजों के लिए लाभदायक साबित होगा।

# मामा-भांजे के बीच क्यों हुई थी अनबन, गोविंदा ने तोड़ी चुप्पी, कृष्णा अभिषेक ने मांगी माफी

**बॉलीवुड** अभिनेता गोविंदा ने कपिल शर्मा के शो में कृष्णा अभिषेक के साथ अपने झगड़े के बारे में खुलकर बात रखी । गोविंदा और कृष्णा अभिषेक के बीच सात साल से विवाद चल रहा था। गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा एक कॉमेडी शो में कृष्णा द्वारा किए गए मजाक से नाराज थे और मामला तब और बढ़ गया जब कृष्णा की पत्नी कश्मीरा शाह भी इसमें शामिल हो गईं और सोशल मीडिया पर सुनीता के साथ कश्मीरा की दुर्भाग्यपूर्ण बहस हो गई।

बिग बॉस 16 की स्टार सुम्बुल ने ऐसा क्या शेयर किया कि सब हैरान हैं। तब से दोनों परिवारों के बीच तनावपूर्ण संबंध चल रहे हैं। हालांकि, गोविंदा और कृष्णा ने अपने मुद्दों को अलग रखने और संघर्ष विराम बुलाने का फैसला किया। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के हालिया एपिसोड में, जिसमें गोविंदा को शक्ति कपूर और चंकी पांडे के साथ एक विशेष अतिथि के रूप में होस्ट किया गया था, गोविंदा ने वह सब कुछ खोल दिया जो उनके झगड़े शुरू होने पर हुआ था।



**क्या थी अनबन की वजहः** यह मजेदार है कि जिसका कारण था जिसकी वजह से हम लड़े, अब मैं सच कह देता हूं एक दिन, मैं कृष्णा से बहुत नाराज था। मैंने पूछा, 'ये कौन से संवाद हैं जो उनसे लिखवाते हैं?' मेरी पत्नी सुनीता ने कहा, 'पूरी फिल्म इंडस्ट्री ऐसा करती है। गोविंदा बोले- कृष्ण को कुछ मत कहो। वह पैसा कमा रहा है और उसे अपना काम करने दीजिए।' किसी के लिए आप रुकावट नहीं बनें, किसी के साथ गलत मत कीजिए।" इसलिए मैं सुनीता के बारे में कहना चाहूंगा, 'कृष्णा उससे सॉरी कहें, वह प्यार करती है।" कृष्णा ने जवाब दिया, हां, हां, मैं भी उनसे प्यार करता हूं। अगर ऐसी कोई (खट्टी) भावना है तो मुझे खेद है, मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं।

**कब हुई थी अनबनः** दरअसल, रियलिटी शो के एपिसोड में कहा था कि मैंने गोविंदा को अपना मामा बना कर रखा है। रिपोट्र्स के मुताबिक, कृष्णी की यह बात गोविंदा को बिल्कुल पसंद नहीं आई थी। इस पर गोविंदा ने कहा कि पैसों के लिए टेलीविजन पर किसी की बेइज्जती नहीं करनी चाहिए। गोविंदा के इस बयान पर कृष्णा ने कहा था कि ये बातें उन्होंने बुरी भावना के साथ नहीं कही थीं।

कश्मीरा शाह के ट्वीट ने बढ़ा दी थी दूरीः दोनों बीच स्थिति तब खराब हो गई थीं, जब कृष्णा की वाइफ कश्मीरा शाह ने ट्वीट किया था कि कुछ लोग पैसों के लिए नाचते हैं। इस ट्वीट पर सुनीता आहूजा ने कहा था कि ये ट्वीट गोविंदा के खिलाफ किया गया है। इसके बाद गोविंदा और सुनीता ने कृष्णा और कश्मीरा से सभी संबंध खत्म कर लिए।

**कृष्णा का वनवास खत्मः** शो में एक्ट के दौरान कृष्णा ने कहा था, 'पहली बार मैं अपने किरदार को बीच में तोड़ रहा हूं, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि आज स्पेशल डे है और सबसे यादगार दिन। मेरे 7 साल का वनवास खत्म हो गया है जब मैं अपने मामा के साथ स्टेज शेयर कर रहा हूं। ये मेरा बेस्ट मोमेंट है'।

**गोविंदा ने क्या बोलेः** इसके बाद गोविंदा ने कहा कि, मैं सभी से कहना चाहूंगा कि मेरे घर में, मेरी मां के बाद, हम उन भाग्यशाली लोगों में से हैं जहां मेरी बड़ी बहन मेरी मां की तरह थी। कृष्णा उस मां का बेटा हैं। मेरा मानना ??है कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं, जो सभी की सेवा कर सका, और मेरी तरफ से तुम्हारे लिए कोई वनवास नहीं था। ये बैड लक हो जाता है और ऊपर वाला जो करता है, कभी किसी के साथ गलत नहीं करता है,"।

## सिल्वर सीक्वेंस साड़ी में दिखा बेबो का ग्लैमरस सिजलिंग लुक, प्रशंसकों ने कहा- ओएमजी माशाल्लाह



**खुद** की फेवरेट स्टार करीना कपूर खान जहां जाती है लाइमलाइट में छा जाती हैं। करीना का चार्म ही कुछ ऐसा है कि हर कोई उन्हें एक बार देख लें तो पलटकर वापस जरूर देखता है। ऐसा ही कुछ जलवा करीना का हाल ही में देखने को मिला, जिसे देखकर हर कोई यही कह रहा है वाह क्या शानदार लवुक है। कल रात करीना कपूर सब्यसाची की डिजाइन की हुई साड़ी में नजर आईं, जिसमें बेबो बेहद बोल्ड और खूबसूरत दिखीं। करीना कपूर खान हमेशा अपने स्टाइल से सभी को हौरान कर देती हैं। इस बार, बेबो चमचमाती सिल्वर साड़ी में नजर आईं और देखने वालों की नजरें उनसे हटी ही नहीं। कल रात, 1 दिसंबर, 2024 को एक इवेंट के लिए, करीना ने एक सीक्वेंस साड़ी में अपनी एंट्री से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, जिसमें उनका लुक बेहद ही बोल्ड और एलिगेंस दिखा। इस इवेंट के लिए करीना कपूर ने मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के कलेक्शन की सीक्वेंस साड़ी पहनी। पूरी साड़ी पर सिल्वर वर्क, एकदम परफेक्ट तरीके से ड्रेप किया हुआ था निचला हिस्सा और ब्लाउज से जुड़ा पल्लू, हमें कहना होगा कि उन्होंने अपनी पसंद की साड़ी को बहुत ही खूबसूरती से स्टाइल किया था। पल्लू का दूसरा हिस्सा उनकी बाजुओं पर आराम से गिर हुआ दिखाई दिया। इस खूबसूरत सिल्वर साड़ी के साथ बेबो ने ब्लाउज केक स्टाइल पहना था, जिसने बेबो के लुक को और भी ग्लैमरस बना दिया। रिच फैब्रिक, स्लीवलेस डिटेल्स और स्कूप्ड नेकलाइन के साथ, ब्लाउज की उनकी पसंद हर किसी को पसंद आई। एक तरह से बेबो ने बैकलेस ब्लाउज ही पहना था, इसमें स्पेगेटी स्ट्रैप हैं, जो उसे एक बिल्कुल नया स्टाइल दे रहे हैं। बेबो ने अपने आउटफिट को फोकस पॉइंट बनाते हुए अपनी एक्सेसरीज को मिनिमल रखा। परफेक्ट फिट के लिए, बेबो ने सिल्वर स्टड इयररिंग्स और रिंग्स के साथ अपने लुक को स्टाइल किया। मिनिमल एस्थेटिक एक्सेसरीज के के साथ उनका आउटफिट को ओवरशैडो किए बिना एलिगेंस का सही टच दिया। करीना का मेकअप नेचुरल बेस के साथ पूरी तरह से परफेक्ट दिखा। आंखों पर हाइलाइटर शाइन के साथ हल्का आईशैडो और भी शानदार दिखा। करीना ने अपने इस पूरे लुक को न्यूड लिपस्टिक के साथ पूरा किया। उनके बालों को एक स्लीक बन में स्टाइल किया गया था। ओवरऑल, करीना का यह सब्यसाची लुक पूरी तरह से ग्लैमरस इवेंट के लिए एकदम परफेक्ट रहा। करीना के इस लुक पर प्रशंसकों ने कई प्रतिक्रियाएं दीं। एक प्रशंसक ने लिखा, 'खूबसूरत', एक और प्रशंसक ने लिखा, 'क्वीन क्वीन क्वीन', एक और प्रशंसक ने लिखा, 'ओएमजी माशाल्लाह।'

## पुष्पा 2 की टिकट दिल्ली में 1800, जानें मुंबई-बेंगलुरु में टिकट की कीमत, पहले दिन 300 करोड़ की होगी कमाई




**पुष्पाः** द रूल एक लंबे इंतजार के बाद 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। सुकुमार निर्देशित इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बज है। बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई और चंडीगढ़ में एडवांस टिकट बुकिंग शुरू हो गई है। टिकट की कीमतें बहुत अधिक हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि अल्लू अर्जुन की मूवी को लेकर फैंस कितने उत्साहित है। वहीं, कहा जा रहा है कि मूवी ओपनिंग डे पर तूफान लेकर आएगी।

**पुष्पाः** द रूल की सबसे महंगी टिकटः अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना स्टारर पुष्पाः द रूल है की दिल्ली में टिकट 1,800 रुपये, मुंबई में 1600 और बेंगलुरु में 1000 रुपये है। डेक्कन हेराल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स ने फिल्म के टिकट की कीमतें बढ़ाने के लिए आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के गवर्नमेंट से परमिशन ले ली है। एक डिस्ट्रीब्यूटर के अनुसार, तीनों राज्यों में टिकट की कीमत 600 रुपये होगी। ये कीमत चार दिनों यानी 5 दिसंबर से 9 दिसंबर तक के लिए वैध है।

**पुष्पाः** द रूल पहले दिन कितनी कमाई करेगीः मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पुष्पाः द रूल दुनिया भर में ओपनिंग डे पर 300 करोड़ रुपये की कमाई कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो ये पहली भारतीय फिल्म होगी जो विदेश में पहले दिन 300 करोड़ कमाई करेगी। सैकनिल्क के अनुसार, घरेलू मार्केट में ओपनिंग डे पर 233 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर सकती है। रिपोर्ट की मानें तो सिर्फ तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में मूवी 105 करोड़ रुपये की कमाई कर सकती है। बता दें कि अल्लू अर्जुन मूवी में पुष्पा राज के रोल में और रश्मिका मंदाना- श्रीवल्ली, फहाद फासिल- भंवर सिंह शेखावत के किरदार में दिखेंगे।

# तलाक की खबरों के बीच क्या काम पर लौटीं ऐश्वर्या राय, मेकअप आर्टिस्ट के साथ फोटो हुआ वायरल

**बॉलीवुड** की दिग्गज एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। इसी बीच उनकी एक फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वह एक मेकअप आर्टिस्ट के साथ नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद फैंस ये अटकलें लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस अपने काम पर लौट आई हैं।



**मेकअप आर्टिस्ट के साथ फोटो वायरलः** ऐश्वर्या राय की नए प्रोजेक्ट के सेट से एक सेल्फी बीते दिन शनिवार को सोशल मीडिया पर सामने आई। इसमें वह मुस्कुराते हुए अपने मेकअप आर्टिस्ट के साथ पोज करते हुए नजर आईं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा , काम पर एक प्यारा दिन । अब इस तस्वीर के सामने आने के बाद फैंस उनके नए प्रोजेक्ट को लेकर अटकलें लगा रहे हैं। हालांकि, ऐश्वर्या राय की ओर से इसपर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन माना जा रहा है कि यह किसी फिल्म के लिए नहीं, बल्कि किसी विज्ञापन की शूटिंग के लिए है।

**फैंस हुए एक्साइटेडः** ऐश्वर्या राय की मेकअप आर्टिस्ट के साथ फोटो वायरल होने के बाद फैंस भी अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक फैन ने पोस्ट पर हैरान होते हुए लिखा, क्या ये किसी फिल्म के लिए है? तो वहीं दूसरे ने पोस्ट पर लिखा, हे भगवान! मैं खुश हूं, चलो क्वीन आ गई! जबकि तीसरे ने कमेंट किया, क्वीन वापस आ गई हैं, ऐश्वर्या राय अपने काम पर वापस आ गई हैं।

**ऐश्वर्या राय का वर्कफ्रंट :** ऐश्वर्या राय आखिरी बार मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेल्वन में नजर आई थीं, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

## समय आ गया है कि मैं घर वापस जाऊं, विक्रांत मैसी ने इंडस्ट्री से संन्यास का किया ऐलान



**बॉलीवुड** के जाने-माने अभिनेता विक्रांत मैसी ने अभिनय से संन्यास लेने का ऐलान किया है। अपनी दमदार एक्टिंग के लिए मशहूर विक्रांत मैसी इन दिनों द साबरमती रिपोर्ट को लेकर चर्चा में हैं। गोधरा कांड पर आधारित यह फिल्म हाल ही में रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। इस बीच विक्रांत ने अपने एक पोस्ट से सोशल मीडिया में हलचल मचा दी है। विक्रांत मैसी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावनात्मक नोट के माध्यम से अभिनय से संन्यास लेने का ऐलान किया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, पिछले कुछ वर्ष और उसके बाद के वर्ष अभूतपूर्व रहे हैं। मैं आपके अमिट समर्थन के लिए आप सभी को धन्यवाद देता हूं।

### पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर की भविष्वाणी

## डे-नाइट टेस्ट से कटेगा देवदत्त पडिक्कल ध्रुव जुरेल-वाशिंगटन सुंदर का पत्ता




**नई दिल्लीः** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में छह दिसंबर से शुरू होने वाले पिंक-बॉल टेस्ट के लिए टीम की प्लेइंग इलेवन की भविष्यवाणी की है। मेहमान टीम एडिलेड में होने वाले डे-नाइट मैच के लिए कप्तान रोहित और शुभमन गिल की टीम में वापसी कर सकती है। गावस्कर ने कहा कि रोहित और गिल निश्चित रूप से देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल की जगह वापसी करेंगे। हालांकि, शायद टीम मैनेजमेंट बल्लेबाजी क्रम में बदलाव कर सकता है। जहां राहुल ने रोहित की अनुपस्थिति में ओपनिंग की थी।

वहीं, गावस्कर को लगता है कि राहुल दूसरे टेस्ट में मध्यक्रम में बैटिंग कर सकते हैं। मेरा मानना है कि बल्लेबाजी क्रम बदल जाएगा। जहां रोहित शर्मा राहुल की जगह लेंगे, शुभमन गिल तीन पर बल्लेबाजी करेंगे, पडिक्कल और जुरेल टीम से बाहर हो जाएंगे, राहुल छह पर बल्लेबाजी करेंगे। एक अन्य बदलाव जो हो सकता है। वाशिंगटन सुंदर की जगह जडेजा को शामिल किया जा सकता है।

# लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु बने सैयद मोदी बैडमिंटन के नये चैंपियन





**लखनऊः** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने से चूके लक्ष्य सेन ने रविवार को यहां सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में क्रमशः महिला एवं पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। बाबू बनारसी दास स्पोर्टस अकादमी के इंडोर स्टेडियम में आज दो लाख दस हजार अमेरिकी डालर इनामी राशि वाली चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले खेले गए जिसमें लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु से पहले महिला युगल का खिताब दूसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा जौली और गायत्री गोपीचंद ने जीता हालांकि मिश्रित युगल और पुरुष युगल का खिताब जीतने से भारतीय जोड़ियां चूक गईं।

टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने सिंगापुर के चौथी वरीय जिया हेंग जैसन को सीधे गेम में 21-6,21-7 से हरा कर पहली बार सैयद मोदी बैडमिंटन का खिताब अपने नाम किया है। लक्ष्य को पहला गेम जीतने में मात्र 12 मिनट लगे जबकि दूसरे गेम में उन्होने 16 मिनट में अपने नाम किया। इससे पहले शीर्ष वरीय स्टार शटलर पीवी सिंधु ने चीन की वू लुओ यू को सीधे गेम में 21-14,21-16 से हरा कर तीसरी बार सैयद मोदी बैडमिंटन का खिताब जीता। सिंधु ने चिर परिचित आक्रामक शैली में खेल की शुरूआत की और शानदार स्मैश और ड्राप से प्रतिद्धंदी को असहज करने में सफलता हासिल की। हालांकि गैर वरीय यू ने सिंधु का दिलेरी से सामना किया मगर 47 मिनट तक चले मैच में सिंधु के अनुभव के आगे उन्होने घुटने टेक दिये।


उधर, त्रिशा जौली और गायत्री गोपीचंद की दूसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने 41 मिनट तक चले मैच में चीन की बाओ ली जिंग और ली कियान की जोड़ी को 21-18,21-11 से हरा कर महिला युगल का खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की गैर वरीय भारतीय जोड़ी एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में छठी वरीय थाइलैंड की डी। पुवारानुक्रोह व सुपिसारा पेवसम्प्रान की जोड़ी से 21-18,14-21,8-21से हार गयी। इसी तरह पुरुष युगल में भारत के साई प्रतीक व पृथ्वी कृष्णामूर्ति के राय की जोड़ी भी चीन के हुआंग डी व लियू यांग की जोड़ी से 14-21, 21-19,71-21 से हार कर रनर अप बनी।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

# कर्नाटक ने तमिलनाडु को सात विकेट से हराया

**इंदौरः** वासुकी कौशिक और मनोज भंडागे (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद मनीष पांडे (42) और कप्तान मयंक अग्रवाल (30) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर कर्नाटक ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुन बी मुकाबले में तमिलनाडु को 51 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हराया। 91 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मनीष पांडे और मयंक अग्रवाल की सलामी जोड़ी ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी हुई।

10वें ओवर में गुरजपनीत ङ्क्षसह ने मयंक अग्रवाल (30) को आउट कर तमिलनाडु को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर में गुरजपनीत ने मनीष पांडे (42) को भी पैवेलियन भेजा। कृष्णन श्रीजीत (नाबाद नौ) और अभिनव मनोहर (दो) ने 11.3 ओवर में तीन विकेट पर 93 रन बनाकर अपनी टीम को सात विकेट से जीत दिला दी।



## न्यूज ब्रीफ

### नायडू सरकार ने भंग किया वक्फ बोर्ड, जगन सरकार के आदेशों को भी किया रद्द



**अमरावतीः** आंध्र प्रदेश सरकार ने वक्फ बोर्ड को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। चंद्रबाबू नायडू सरकार ने पिछली जगन मोहन सरकार द्वारा गठित वक्फ बोर्ड को भंग कर दिया है। आंध्र के कानून और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री एन. मोहम्मद फारूक ने कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार अब एक नया वक्फ बोर्ड का गठन करेगी। नई सरकार ने पिछले प्रशासन द्वारा जारी जीओ-47 को रद्द करते हुए जीओ-75 जारी किया। 30 नवंबर के आदेश में राज्य सरकार ने कहा है कि वाईएसआरसी शासन द्वारा गठित एपी राज्य वक्फ बोर्ड लंबे समय से (मार्च 2023 से) निष्क्रिय है। उस समय गठित वक्फ बोर्ड में कुल 11 सदस्य थे, जिनमें से तीन निर्वाचित थे और बाकी आठ मनोनीत थे।

विशेष रूप से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने पहली नवंबर, 2023 को राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के चुनाव पर रोक लगा दी थी, क्योंकि बोर्ड के गठन की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली एक याचिका दायर की गई थी। आदेश में आगे लिखा गया है, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एपी राज्य वक्फ बोर्ड, विजयवाड़ा ने सरकार के ध्यान में बोर्ड के लंबे समय से निष्क्रिय रहने और मुकदमों को हल करने और प्रशासनिक शून्यता को रोकने के लिए जीओएम नंबर 47 की वैधता पर सवाल उठाने वाली रिट याचिकाओं के लंबित रहने की बात लाई गई है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने कहा कि सभी पहलुओं और उच्च न्यायालय के आदेश पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद राज्य सरकार 21 अक्तूबर, 2023 की तारीख वाले सरकारी आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लेती है। मंत्री फारूक ने कहा कि गठबंधन सरकार वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा, प्रबंधन तथा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

### मिट्टी के ढेर में दबकर चार बच्चियों की मौत

**बक्सरः** मिट्टी के ढेर में दबकर चार बच्चियों की मौत हो गई. घटना राजपुर थाना क्षेत्र स्थित सरेंजा राजकीय बुनियादी विद्यालय के पास की है. इसमें एक बच्ची को बचाया गया है, जो इलाजरत है. मृत बच्चियों के नाम नयनतारा कुमारी, सालिनी कुमारी, शिवानी कुमारी और संजू कुमारी हैं. बताया जाता है कि सरेंजा बुनियादी विद्यालय के पास पुराने मिट्टी के टीले मौजूद हैं. ये बच्चियां घर के काम के लिए मिट्टी लाने गई थीं. सभी टीले के पास मिट्टी को खोद रही थीं, तभी टीला भरभरा कर उन पर गिर पड़ा। इसमें पांचों बच्चियां दब गईं। तभी आसपास के लोगों ने हल्ला कर लोगों को बुलाया। सभी को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने चार बच्चियों की मौत की पुष्टि कर दी. जबकि एक इलाजरत है। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर थाना पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई। राजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मिट्टी का टीला बहुत पुराना था। जिसके नीचे मिट्टी खोदने से वह और गहरा हो गया था। आज पांच बच्चियां मिट्टी लाने के लिए गईं थीं। टीले के पास मिट्टी खोदने के समय ही इसका हिस्सा उन पर गिर गया। जिसमें सभी दब गईं।

### राहुल गांधी ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर दो साल में सबसे कम होने पर जताई चिंता



**नई दिल्लीः** लोकसभा में विपक्ष के नेता और वायनाड सांसद राहुल गांधी ने रविवार को एक्स पोस्ट में भारत की जीडीपी वृद्धि दर के दो साल में सबसे कम होने पर चिंता जताई। उन्होंने लिखा कि जब तक मुीभर अरबपतियों को इसका लाभ मिलता रहेगा, तब तक देश की अर्थव्यवस्था आगे नहीं बढ़ सकती। उन्होंने लिखा- भारत की जीएसटी ग्रोथ रेट दो साल में सबसे नीचे 5.4 फीसदी पर आ गई है। बात साफ है भारतीय अर्थव्यवस्था तब तक तरक्की नहीं कर सकती, जब तक इसका फायदा सिर्फ गिने-चुने अरबपतियों को मिल रहा हो। किसान, मजदूर, मध्यमवर्ग और गरीब तरह-तरह की आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। राहुल ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपया 84.50 के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है।

बेरोजगारी पहले ही 45 सालों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। पिछले पांच सालों में मजदूरों, कर्मचारियों और छोटे व्यापारियों की आमदनी या तो ठहर गई है या काफी कम हो गई है। राहुल का ये बयान देश की देश की जीडीपी ग्रोथ घटने पर आया है। वित्त वर्ष 2025 की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ घटकर 5.4 फीसदी पर आ गई है। ये 7 तिमाहियों में सबसे धीमी ग्रोथ है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के खराब प्रदर्शन के कारण जीडीपी ग्रोथ धीमी हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने 29 नवंबर को यह डेटा रिलीज किया था।

**सबको समान अवसर से अर्थव्यवस्था बढ़ाने की जरूरत :** विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के आर्थिक हालात लगातार खराब हो रहे हैं और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दर दो साल में सबसे निचले स्तर पर आ गई है इसलिए सबको समान अवसर देकर अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि जब वास्तविक हालात यह है तो ऐसे में नई नौकरियों के अवसर कैसे बनेंगे।

### दर्दनाक सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत, 10 से अधिक घायल



**तुमकुर :** कर्नाटक के तुमकुर शहर के पास सोमवार तड़के भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई है। जबकि 10 से अधिक घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो यह सड़क हादसा तुमकुर के पास कल्लंबेला के नजदीक चोक्कनहल्ली पुल के पास बताया जा रहा है। यहां पर सुबह करीब 4 बजे एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें तीन महिलाओं की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त निजी बस गोवा से बेंगलुरु की तरफ जा रही थी। बस चालक द्वारा नियंत्रण खो देने से बस पलट गई। हादसे के वक्त यात्री सो रहे थे। तीन महिलाओं की मौत के अलावा 10 अधिक अन्य यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस पलटने के बाद लोग उसमें से निकलने का प्रयास करने लगे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनकी मदद की। हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवार में रोष का माहौल है, उनका रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, घायलों को इलाज चल रहा है। उनको जिला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे को लेकर कल्लंबेला पुलिस ने स्टेशन मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# यूपी मे अब 75 नहीं, 76 जिले होंगे, अधिसूचना जारी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में अब 75 नहीं, बल्कि 76 जिले होंगे। इस संबंध में प्रयागराज जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की तरफ से यह अधिसूचना जारी की गई। नए जिले का नाम महाकुंभ मेला होगा। प्रदेश में कुंभ और अर्ध कुंभ के मौके पर नए जिले के संबंध में अधिसूचना जारी करने की परंपरा रही है।

महाकुंभ मेला जिले में पूरा परेड क्षेत्र और चार तहसीलों सदर, सोरांव, फूलपुर और करछना के 67 गांव शामिल हैं। महाकुंभ मेला जिले के जिलाधिकारी विजय किरन आनंद होंगे। वहीं राजेश द्विवेदी को एसएसपी बनाया गया है। अधिसूचना में जिलाधिकारी को उनके कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया है। यह कदम महाकुंभ के सुचारू संचालन के लिए उठाया गया है, ताकि महाकुंभ के संबंध में की जा रही किसी भी तैयारी में कोई बाधा ना आए।

प्रयागराज के चार तहसीलों को अलग करके एक नया जिला बनाया गया है, जो महाकुंभ तक अस्तित्व में रहेगा। अधिसूचना में कहा गया है कि तहसील सदर के 25 गांव, तहसील सोरांव के तीन गांव, तहसील फूलपुर के 20 गांव और करछना तहसील के 19 गांव शामिल किए गए हैं।

बता दें कि 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक कुंभ मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस महाकुंभ मेले में कुल छह शाही स्नान होंगे। मेले को लेकर सभी तैयारियां जोरों शोरों से जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद सभी तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को प्रयागराज जाएंगे। प्रधानमंत्री के प्रयागराज दौरे को लेकर सभी तैयारी पूरी की जा चुकी है। इस दौरान प्रधानमंत्री गंगा पूजन से महाकुंभ के आयोजन का शुभारंभ करेंगे। महाकुंभ का पहला शाही स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन होगा। उल्लेखनीय है कि 12 साल में एक बार महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है।

### बाइडेन ने अपने बेटे का गुनाह किया माफ, डोनाल्ड ट्रंप बोले-

## यह तो न्याय का गर्भपात है



**वाशिंगटनः** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने बेटे हंटर बाइडेन को माफ करने के अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडेन के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे न्याय का दुरुपयोग और गर्भपात बताया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर कहा, क्या जो बाइडेन द्वारा बाइडेन हंटर को दी गई क्षमा में जे-6 बंधक शामिल हैं, जो वर्षों से जेल में हैं? यह न्याय का दुरुपयोग और गर्भपात है! जो बाइडेन ने इससे पहले अपने बेटे हंटर को क्षमा करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कहा गया था कि यह निर्णय अभियोजन की अनुचितता में उनके विश्वास से तय हुआ है।

जो बाइडेन ने इससे पहले अपने बेटे को माफ करने की संभावना से कई बार इनकार कर चुके हैं, हालांकि, हंटर के वकीलों ने इस सप्ताह की शुरूआत में 52 पन्नों की एक रिपोर्ट प्रसारित की, जिसमें दावा किया गया कि चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत से उनके मुवक्किल का भविष्य खतरे में है। ट्रंप ने चुनाव से पहले कहा था कि अगर वह जीते तो हंटर को माफ करने से इनकार नहीं करेंगे।

हंटर बाइडेन इतिहास में आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले किसी मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली संतान हैं। उन पर जानबूझकर कर चोरी के दो आरोप लगाए गए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार उन्होंने 2017 और 2018 में एक लाख डॉलर से अधिक का भुगतान नहीं किया। बाइडेन जूनियर पर 2018 में कोल्ट पिस्तौल रखने का भी अलग से आरोप लगाया गया था, जबकि वह जानते थे कि वह अवैध दवाओं का उपयोग कर रहे थे, जो कानून का उल्लंघन है। इस अपराध के लिए अधिकतम 10 साल की जेल का प्रावधान है। जूरी ने हंटर को दोषी पाया और उसे दिसंबर में सजा सुनाई जानी है।

### भागवत ने की तीन बच्चों की पैरवी, जनसंख्या दर में कमी पर जताई चिंता



**नागपुरः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या नीति को लेकर अहम बयान दिया है। उन्होंने रविवार को महाराष्ट्र में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यह जरूरी है कि जनसंख्या की औसत वृद्धि दर 2.1 से नीचे न जाए। हमारे लिए यह जरूरी है कि दो- तीन बच्चे पैदा किए जाएं। ऐसा जनसंख्या विज्ञान कहता है और यदि औसत आंकड़ा 2.1 का ही रहा, तो फिर बिना किसी खतरे के ही पृथ्वी से मानवता समाप्त हो जाएगी। आबादी यदि ऐसे ही कम होने की दर बनी रही, तो फिर कई भाषाएं और सभ्यताएं खत्म होने के कगार पर पहुंच जाएंगी। मोहन भागवत ने कहा कि आबादी का घटना चिंता का विषय है। आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब जन्म दर 2.1 से नीचे जाती है, तो फिर धरती से मानवता ही खत्म होने का खतरा पैदा हो जाता है। ऐसी स्थिति में समाज खत्म हो जाता है, जबकि उसके आगे कोई प्रत्यक्ष संकट नहीं होता। ऐसी स्थिति में कई भाषाओं और सभ्यताओं के खत्म होने का खतरा होता है। देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 में तय हुई थी, लेकिन अब इसे बदलने की जरूरत है। देश को आबादी की जरूरत है, क्योंकि समाज का अस्तित्व रहना चाहिए।

## तमिलनाडु के विल्लुपुरम में बाढ़, कई ट्रेनें रद्द, पुडुचेरी सरकार बोली- चक्रवात के प्रभाव का आकलन जारी



**नई दिल्लीः** चक्रवात फेंगल के कारण तमिलनाडु के विल्लुपुरम बाढ़ की चपेट में है। तमिलनाडु के उत्तरी तटीय क्षेत्र और पुडुचेरी में चक्रवाती तूफान का असर सोमवार को कम हो गया। विल्लुपुरम और आसपास के गांवों को बारिश का खामियाजा भुकतना पड़ रहा है। बाढ़ का पानी निचले इलाकों में बढ़ने लगा है। विल्लुपुरम में विक्रावंडी और मुंडियामपक्कम के बीच एक पुल पर पानी के खतरे के स्तर से ऊपर बढ़ने के कारण दक्षिणी रेलवे ने सोमवार सुबह रेल सेवाओं को निलंबित करने की घोषणा की। स्थिति को देखते हुए कई ट्रेनों को रद्द किया गया, जिसमें एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें शामिल हैं। धर्मपुरी और कृष्णागिरी जिले भी बाढ़ से प्रभावित हैं। भारी बाढ़ के कारण उथंगराई से कृष्णागिरि और तिरुवन्नामलाई जैसे शहरों तक सड़क क्षतिग्रस्त हो गई।

पुडुचेरी में नुकसान का आकलनः बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान फेंगल के कारण तमिलनाडु और पुडुचेरी में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी ने बताया कि चक्रवात फेंगल से हुए नुकसान का आकलन करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस रिपोर्ट को केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। राज्य गृह मंत्री ए नमस्सिवायमने एक विज्ञप्ति में कहा कि सोमवार को सभी स्कूल-कॉलेज बंद रखे जाए। 30 नवंबर को पुडुचेरी के पास भूस्खलन के बाद रविवार को चक्रवात का असर कम हो गया।

भारी बारिश ने केंद्रशासित प्रदेश को बुरी तरह से प्रभावित किया। बाढ़ग्रस्त इलाकों से लोगों को बचाने के लिए सेना के जवानों को आगे आना पड़ा। बारिश के कारण चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा, चक्रवात के कारण पूरे क्षेत्र में बिजली गुल रही। हालांकि सोमवार को बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। भारी बारिश के कारण बिजली विभाग के कुछ सब-स्टेशनों में भी जलभराव हो गया, जिसे हटाने के लिए तत्काल कदम उठाए गए।

वेंकट नगर, कामराज नगर, वल्लालर सलाई, कामराजार सलाई और कई आवासीय कॉलोनियों में पानी भर गया। रविवार को मुख्यमंत्री ने बारिश से प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन ने भी बारिश से प्रभावित इलाकों का दौरा किया। पुडुचेरी के जिला कलेक्टर ए कुलोथुंगन ने सोमवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में सबसे भारी बारिश दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि पिछले 50 वर्षों के दौरान केंद्रशासित प्रदेश में इतनी बारिश दर्ज की गई है।

### नए वर्ष में खगड़िया में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए प्रक्रिया शुरू होगीः सम्राट

**पटनाः** डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी इंडियन डेंटल एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा बेगूसराय, दरभंगा, पटना और विभिन्न जगहों पर मेडिकल कॉलेज बनाएं जा रहे हैं. सम्राट चौधरी ने कहा कि नए वर्ष में खगड़िया में भी मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात हो गई है. केंद्र सरकार ने भी इसमें अपनी रजामंदी दे दी है।
उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार डेंटल को ही नहीं आयुर्वेद और होमियोपैथी के लिए भी काम कर रही है. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी कोई भी व्यवस्था जो आप तमाम डेंटल की टीम को लगे कि यहां जरूरत है. आप बताइए मैं स्वास्थ मंत्री से कहकर वो सुविधा की व्यवस्था कराने का प्रयास करूंगा. इस कार्यक्रम में इंडियन डेंटल एसोसिएशन के डॉ जितेंद्र कुमार ,डॉ मुकेश कुमार और डॉ नवनीत कुमार मौजूद थे।

## सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट




**नई दिल्ली :** वैश्विक बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। भारत में भी यह रुझान जारी है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज सुबह ही सोने के दाम 900 रुपये तक और चांदी के दाम 1200 रुपये तक टूट गए।

विशेषज्ञों का मानना है कि डॉलर इंडेक्स की मजबूती और डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कुछ देशों पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा के कारण सोना और चांदी की कीमतों में यह गिरावट देखने को मिल रही है। टउ पर सोने का दिसंबर वायदा आज 76,201 रुपये प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर पर पहुंच गया, जो शुक्रवार की तुलना में 927 रुपये कम है। वर्तमान में सोना 76,294 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है।

चांदी के दाम भी 1175 रुपये की गिरावट के साथ 90,034 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गए हैं। शुक्रवार को चांदी 91,209 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वर्तमान में चांदी 90,235 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। सोना और चांदी आमतौर पर सुरक्षित निवेश के विकल्प माने जाते हैं। लेकिन, डॉलर की मजबूती और व्यापार युद्ध की चिंताओं के कारण निवेशक सोने और चांदी से पैसे निकालकर डॉलर में निवेश कर रहे हैं। इससे सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आ रही है। आने वाले समय में सोने और चांदी की कीमतों पर डॉलर इंडेक्स, व्यापार युद्ध और वैश्विक आर्थिक स्थिति का असर देखने को मिल सकता है।

### ताइवान को हथियार देना बंद करो; अमेरिका पर भडका चीन, अंजाम भुगतने की दी खुली धमकी



**एजेंसी/ बीजिंगः** ताइवान को अमेरिकी हथियारों की बिक्री को मंजूरी दिए जाने पर चीन ने कड़ा रुख अपनाया है। वन चाइना नीति का उल्लंघन मानते हुए चीनी विदेश मंत्रालय ने दो टूक कहा है कि वह अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और आतंकवादी उपायों की रक्षा के लिए मजबूत और दृढ़ जवाबी कदम उठाएगा। उसने अमेरिका से कहा है कि वह ताइवान को तुरंत हथियार देना बंद करे, नहीं तो कड़े कदम उठाए जाएंगे। हाल ही में अमेरिका रक्षा विभाग ने घोषणा की है कि विदेश विभाग की ओर से ताइवान को 385 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कीमत के हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी गई है। इसके बाद चीनी विदेश मंत्रालय भडक गया। ताइवान को अमेरिकी हथियारों की बिक्री को अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन करार देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चीन के ताइवान क्षेत्र को अमेरिकी हथियारों की बिक्री एक-चीन सिद्धांत और तीन चीन-अमरीका संयुक्त कम्युनिक्यूज, विशेष रूप से 1982 की 17 अगस्त की कम्युनिक्यूज और चीन की संप्रभुता और सुरक्षा हितों का गंभीर उल्लंघन है। आगे कहा गया कि बिक्री अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है, अलगाववादी ताकतों को एक गंभीर गलत संकेत भेजती है और चीन- अमेरिका संबंधों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता के लिए हानिकारक है। ताइवान को हथियार बेचने का निर्णय अमरीकी नेताओं की ताइवान स्वतंत्रता का समर्थन न करने की प्रतिबद्धता के साथ असंगत है। चीन इसकी निंदा करता है और कड़ा विरोध करता है ।

# वासेपुर में फायरिंग: गैंगस्टर फहीम खान के भाई पर अपराधियों का हमला

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबाद :** जिला के वासेपुर इलाके में फायरिंग की घटना घटी है। इस वारदात की सूचना पर डीएसपी नौशाद आलम दो थानों की पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की पूरी टीम इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

पीड़ित के परिजनों और स्थानीय लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा गैंगस्टर फहीम खान के भाई नसीम खान उर्फ सोनू खान के ऊपर फायरिंग की गई। जिसमें नसीम खान बाल-बाल बच गया है। रविवार शाम को नसीम खान ऊर्फ सोनू खान अपनी बाइक से घर जा रहा था। भूली मोड़ अलीपुर के पास पीछे से अपराधियों के द्वारा फायरिंग की



घटना को अंजाम दिया गया। हालांकि फायरिंग की इस घटना में नसीम खान बाल-बाल बच गए हैं, उन्हें गोली नहीं लगी है। वहीं फायरिंग करने वाले अपराधी मौके से फरार हो गये हैं। नसीम खान फिलहाल अपने घर में सुरक्षित बताया जा रहे हैं। इस मामले को लेकर डीएसपी नौशाद आलम ने नसीम खान व उनके परिजनों से बातचीत की। इसके साथ ही पीड़ित नसीम खान से घटना की पूरी जानकारी भी डीएसपी ने ली है।

इस वारदात के बाद पुलिस की एक टीम वासेपुर इलाके में कैंप कर रही है। मीडिया से बातचीत के दौरान डीएसपी नौशाद आलम ने कहा कि वासेपुर में फायरिंग की सूचना मिली थी। यहां पर कमर मखदूमि रोड के रहने वाले नसीम खान के ऊपर अज्ञात अपराधियों के द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल मौके पर पहुंची है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन दिसम्बर को जमशेदपुर के साथ-साथ झारखण्ड के लिए भी गौरव का दिन होगा

**चक्रधरपुर में भी लोग हैं हर्षित**



**बिनय मिश्रा :** कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता। एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो।। उक्त बात को जमशेदपुर के प्रख्यात व्यवसायी कैलास सरायवाला एवं श्रीमती मीणा सरायवाला के सुपुत्र विनीत सरायवाला के मेहनत, लगन, परिश्रम रंग लाया और उनकी मुहिम सार्थक और सफल हुयी। इनके कार्यों और उपलब्धि के फलस्वरूप तीन दिसम्बर को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू से विनीत सरायवाला सम्मानित होंगे जो निश्चित तौर पर झारखण्ड के साथ-साथ कोल्हान और चक्रधरपुर के लिए भी गौरव की बात है। विनीत सरायवाला दिव्यांग होने के पश्चात भी वह कार्य कर दिखाया जो निश्चित तौर पर उपलब्धि और गौरव की बात है। दिव्यांगता को इन्होंने पीछे छोड़ते हुए वो कामयाबी और उपलब्धि हासिल की देश तो देश विदेश में भी इनकी ख्याति हुयी। विनीत सरायवाला दिव्यांग व्यक्तियों के लिए देश के सबसे बड़ी आजीविका पंच एटीपिकल्प एडवांटेज के संस्थापक भी हैं। सरायवाला को राष्ट्रीय स्टार्टप पुरस्कार सहित कई पुरस्कार भी मिले हैं। एटीपिकल्प एडवांटेज एक नियुक्तिमंच ही नहीं बल्कि जीवन को बदलने और अधिक समावेशी जीवन को बदलने और समाज के निर्माण के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। विगत कुछ माह पूर्व शार्क टेंक मे विनीत सरायवाला ने जजों के बीच कई सवालों और संकाओं और हंसी मजाक के दौरान नमीता और अमन द्वारा तीस लाख रुपए के प्रस्ताव को स्वीकार किया था। चक्रधरपुर भगेरिया फाउण्डेशन के बिनोद भगेरिया के भगीना विनीत सरायवाला हैं जिससे दिव्यांग होने के पश्चात भी इस उपलब्धि और कामयाबी से भगेरिया परिवार के साथ-साथ शहरवासी भी काफी हर्षित हैं। विनीत सरायवाला ने जहां एक ओर दिव्यांग होने के पश्चात भी अपने मेहनत, लगन, उद्देश्य और लक्ष्य पाने में सफल हुए वहीं राष्ट्रपति से सम्मान पाकर इन्होंने यह भी साबित किया कि हौसला बुलन्द हो तो मंजित तक पहुंचने में कोई बाधा नहीं उद्देश्य और लक्ष्य सही हो तो ईश्वर भी मार्ग प्रशस्त कर देते हैं।

### कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम ने अपने पदस्थापना काल के महज ग्यारह माह में ही बनाया कीर्तिमान



**निधि पाठक :** भारतीय पुलिस सेवा 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी नौशाद आलम अपने बेहतर कार्यदक्षता तथा कार्यों के तत्क्षण निस्पादन के फलस्वरूप विभाग में एक बेहतर कार्य संस्कृति का सृजन किया है। श्री आलम ग्रामीण एसपी राँची, सीटी एसपी राँची के साथ-साथ साहेबगंज के लोकप्रिय एसपी भी रह चुके हैं। साहेबगंज में महज पांच माह के कार्यकाल में ही इनके द्वारा जनसंवाद, जनता दरबार जिला के थानों का निरीक्षण सुविधाओं की सूधि, असुविधाओं की जानकारी मिलते ही वहां बेहतर व्यवस्था कायम करना इनकी उपलब्धि रही। साहेबगंज में पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापनाकाल के दौरान पुरे भारत में मिर्चा चैकी की उपलब्धि और विशेषता से साहेबगंज जिला के साथ-साथ पुरा झारखण्ड भी गौरवान्वित हुआ। 1 जनवरी 2024 को पद्दोन्नति के पश्चात श्री आलम कार्मिक विभाग के डीआईजी बनाये गयें। इनके डीआईजी बनने पर कई ऐसे कार्य जो काफी समय से लंबित हैं उसे पूर्ण किया गया। वर्षों से पदस्थापना की आस में 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत होने वाले वैसे पुलिस अधिकारी जो पद्दोन्नति के आस छोड़ चुके थे उन्हें 27 जनवरी को पद्दोन्नति दे दी गयी। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि उनके सबसे बेहतर सेवानिवृति की यह उपहार रही थी। कई पुलिस निरीक्षक जो डीएसपी के पद्दोन्नति के कगार पर थे उनका भी मामला निस्पादित हुआ। इसके अलावे सिपाहियों की सहायक अवर पुलिस निरीक्षक में पद्दोन्नति अवर पुलिस निरीक्षक को पुलिस निरीक्षक में पद्दोन्नति इनकी उपलब्धि में मुख्य रूप से शामिल है। अनुकम्पा के आधार पर ढाई सौ पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मियों के परिजनों को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी भी इनकी उपलब्धि है। यही नहीं गंभीर रोग से पीड़ित और जुझ रहे पुलिसकर्मी और अधिकारी को तत्क्षण और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उनके ईलाज के लिए परिजनों को नगद राशि उपलब्ध कराया गया जो निश्चित तौर पर डीआईजी कार्मिक की बेहतर कार्यप्रणाली का सूचक है। ऐसे पुलिस अधिकारी से विभाग और राज्य दोनों गौरवान्वित होते हैं।

### मुंडारी बानी के सफल विद्यार्थियों को मिला प्रमाणपत्र

**जमशेदपुर :** सेंट्रल बोर्ड ऑफ मुंडारी सेकेंडरी एजुकेशन की ओर से रविवार को बहरागोड़ा के आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र में आयोजित समारोह में साहित्य व गणित परीक्षा के सफल विद्यार्थियों को मुंडारी बानी का प्रमाण दिया गया। परीक्षा नियंत्रक ने प्रमाणपत्र का वितरण किया। यह परीक्षा पिछले 9 जून को ली गई थी। मुख्य अतिथि ओडिशा स्टेट यूनिट सेक्रेटरी गोवर्धन सिंह मुंडा ने विद्यार्थियों से मुंडारी भाषा-संस्कृति की रक्षा व मुंडारी के पारंपरिक रीति-रिवाज को बचाए रखने की अपील की। इस संबंध में उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। समारोह में विशिष्ट अतिथि भारत मुंडा समाज के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मुंडा शरीक हुए। मौके पर मुंडारी साहित्य के शिक्षक अजय कुमार सिंह, बुधराम मुंडा, अमित मुंडा, विश्वनाथ मुंडा, महेश्वरी मुंडा, परेश सिंह, रूपाली मुंडा, कौशल्या सिंह, लक्ष्मी सिंह, गीता सिंह, अनीता सिंह, संगीता सिंह, बेबी सिंह समेत कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बाघवार अकादमी के खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दिखाया दम, झटके कई मेडल

**चान्हो :** गत 29 नवंबर 2024 को ध्रुवा सेक्टर-2 स्थित कैराली स्कूल में आयोजित रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स अंतर विद्यालय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बाघवार अकादमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप में शहर के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, लेकिन बाघवार अकादमी के बच्चों ने अपने उत्कृष्ट कौशल और आत्मविश्वास के साथ कई पदक जीतकर सभी का ध्यान आकर्षित किया।अकादमी के प्रशिक्षकों ने बताया कि बच्चों ने कई श्रेणियों में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते।

# रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने जिलावासियों को पहुंचाई है राहत

## लोग समस्या और पीड़ा उपायुक्त को उनके द्वारा जारी किये गये व्हाट्सअप पर पहुंचा सकते हैं संवाद

बिनय मिश्रा

राँची के नव पदस्थापित उपायुक्त मंजु नाथ भजंत्री ने महज तीन दिन में ही जिलावासियों को अनुपम सौगात दी है और जिलावासियों को काफी राहत पहुंचाया है। उपायुक्त ने झारखण्ड के राजधानी राँची जिला में एक अनुपम और उत्कृष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस क्रम में राँची जिला के लोग अब अपनी समस्याऐं उपायुक्त के द्वारा जारी किये गये व्हाट्सअप पर सहज और सरल तरीके से कर सकेंगे। नये उपायुक्त मंजु नाथ भजंत्री ने





जिलावासियों की समस्या जानने और उसके समाधान हेतु कारगर पहल करने की बात कही है। उपायुक्त के द्वारा जारी व्हाट्सअप नंबर 9430328080 पर लोग अपनी समस्या पीड़ा और व्यथा उपायुक्त तक पहुंचा सकेंगे जो निश्चित तौर पर उपायुक्त के द्वारा काफी बेहतर प्रयास लोगों तक सहज रूप से अब प्रशासन उनतक पहुंच पायेगा। सोमवार दो दिसम्बर से यह व्हाट्सअप नंबर सेवा में शामिल हो जायेगा। गौरतलब हो कि राँची के नये उपायुक्त के रूप में 28 नवम्बर को पदस्थापित किये जाने के पश्चात 29 नवम्बर को उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण करने के साथ ही उपायुक्त के द्वारा जन सुविधा और जन समस्या के समाधान के लिए कारगर पहल प्रारंभ कर दी गयी है।

# समरेश सिंह की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** समरेश सिंह फाउंडेशन के द्वारा चास नगर निगम अंतर्गत रविन्द्र भवन में स्वर्गीय समरेश सिंह की दूसरी पुण्यतिथि हर्षोल्लास के साथ बोकारो परिवार के साथ मनाई गई।इस अवसर पर अरुण कुमार जी की टीम के द्वारा हरी नाम संकीर्तन का भी आयोजन किया गया था।इस विशेष अवसर पर सिद्धार्थ सिंह माना ने कहा कि हम सभी उनके महान व्यक्तित्व,अनुकरणीय जीवन मूल्यों और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते है वही मजदूर नेता संग्राम सिंह ने कहा कि स्व दादा ने कभी राजनीति नहीं की उनके विचार हमेशा सेवा नीति का रहा है,यह अवसर हमें उनके द्वारा प्रदत्त शिक्षाओं और प्रेरणा को पुनः स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है।चंदनकियारी के नवनिर्वाचित विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि उनका जीवन सत्य, सेवा और सादगी का प्रतीक था,और उन्होंने हमें जो मूल्यवान संस्कार दिए,वे सदा हमारे जीवन का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।इस अवसर पर उमेश गुप्ता,अवधेश यादव, मनोज राय, बन्मली दत्ता, मनीष सिंह,मयंक सिंह,कुंज बिहारी पाठक,विश्वजीत कुमार, गौतम, बासु बावरी,सूरज पाठक आदी सैंकड़ों संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर स्वर्गीय दादा के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### खनन विभाग ने चलाया सघन जाँच अभियान

**बोकारो :** बोकारो जिला के विभिन्य स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें पेटरवार तेनु चौक पर अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया जिसे पेटरवार थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी।

### जादूगोड़ा के व्यवसायी मणिलाल गुप्ता के निधन पर शोक

**जमशेदपुर :** जादूगोड़ा के व्यापारी मणिलाल गुप्ता ( 65 वर्ष) का रविवार की सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह माटीगोंडा के रहने वाले थे। बताया गया कि मणिलाल गुप्ता को सुबह की नित्यक्रिया के बाद अचानक अचानक पेट में गैस की शिकायत हुई। बेचैनी होने पर वह अपने ही कमरे में लेट गए और कुछ देर बाद ही मौत के आगोश में चले गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें जादूगोड़ा के यूसिल अस्पताल ले गए, जहां डॉ रामकिशोर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका शव यूसिल अस्पतल के शीतगृह में रखा गया है। अंतिम संस्कार सोमवार को जादूगोड़ा मुक्ति धाम में किया जाएगा। मणिलाल गुप्ता काफी मृदुभाषी थे। वे घर में चार भाई, छह बहन,पत्नी रीता गुप्ता, पुत्र बिट्टू को छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर मिलते ही जादूगोड़ा के व्यवसायियों में शोक की लहर दौड़ गई। शुभचिंतकों ने उनके घर पहुंचकर संवदेना व्यक्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

### नवनिर्वाचित विधायक मंगल कालिंदी ने तिरुपति बालाजी मंदिर में की पूजा

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक मंगल कालिंदी शनिवार को आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान वेंकटेश स्वामी के दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर की विधि पूर्वक पूजा-अर्चना की और अपने सिर के बाल दान किए। बताया गया कि मंगल कालिंदी ने तिरुपति बालाजी को बाल दान करने की मन्नत मानी थी। उनके साथ झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता सरबजोत भाटिया ने भी भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किये। मंगल कालिंदनी जुगसलाई विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार विधायक चुने गए हैं। उन्होंने कहा कि तिरुपति बालाजी का आशीर्वाद उन्हें क्षेत्र में काम कारने के लिए ऊर्जा प्रदान करता है।

# गोमिया मोड़ के समीप काली मंदिर में जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण



मेट्रो रेज संवाददाता

**गोमिया :** गोमिया मोड़ के समीप स्थित काली मंदिर परिसर में रविवार को मंदिर कमेटी की ओर से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गरीब असहाय व जरूरतमंद महिलाओं के बीच 51 साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण सहित मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। मौके पर मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष किशोर साव ने कहा कि काली मंदिर संचालन समिति की ओर से आगे भी इस तरह के समाज सेवा के कार्य किए जाएंगे। भारी ठंड को देखते हुए जल्द ही मंदिर संचालन समिति की ओर से जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। आगामी 27 जनवरी को तीन दिवसीय वार्षिक माघी काली पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर संचालन समिति के जगदीश प्रसाद स्वर्णकार, जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, अनिल स्वर्णकार, धनेश्वर साव, विपिन नायक, मनोज कुमार साव, बसंत जयसवाल, केदार रवानी, सुखदेव साव, प्रकाश अग्रवाल, सुनील चौधरी, राजेंद्र रवानी समेत अन्य लोग मौजुद थे।

# महुदा के युवक की हैदराबाद में ट्रेन से कटकर मौत

**धनबाद :** धनबाद जिले के महुदा थाना क्षेत्र के राधानगर महतो टोला निवासी हीरालाल महतो (39 वर्ष) की हैदराबाद में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। उसका शव हैदराबाद रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। वहां की जीआरपी थाना पुलिस ने दोनों पैर कटे हुए शव को बरामद किया। बताया गया कि उसकी मौत किसी पैसेंजर ट्रेन से कटकर हुई है। हीरालाल महतो रोजगार की तलाश में हैदराबाद गया था। कांग्रेस नेता सह राज्य के पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के प्रयास से शव को हैदराबाद से महुदा लाया जा रहा है।बताया गया कि हीराला महतो 24 नवंबर को 6 अन्य लोगों के साथ नारायण धौड़ा निवासी रामअवतार पासवान (लेबर सप्लायर) के अगुवाई में मजदूरी करने हैदराबाद के लिए निकला था। बाकी 6 लोग तो गंतव्य तक पहुंच गये, लेकिन हीरालाल नहीं पहुंचा। उसका बैग साथी लेते गए थे। हैदारबाद जीआरपी थाना पुलिस ने शनिवार को हीरालाल के घर पर फोन कर घटना की सूचना दी और शव की फोटो भी भेजी। तब घरवालों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद परिजनों ने जलेश्वर महतो से मिलकर मदद की गुहार। जलेश्वर महतो ने शव लाने की व्यवस्था कराई और परिजनों को हैदराबाद भेजा। परिजन रविवार की दोपहर शव लेकर महुदा के लिए रवाना हो गये हैं। मौत के सही कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।


# देवघर में 15 दिसंबर से शुरू होगी धान खरीद

## किसानों को जागरूक करने के लिए उपायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश

मेट्रो रेज संवाददाता

**देवघर:** इस साल जिले में देरी से हुए धान रोपनी के कारण धान की कटाई भी देरी से हो रही है। इसे देखते हुए जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने धान अधिप्राप्ति के लिए पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस दौरान मौजूद पदाधिकारियों को उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले में प्रखंडवार तरीके से अब तक 31 धान अधिप्राप्ति केंद्र बनाया गया है, जिसकी संख्या और बढ़ाई जाए।

बैठक में मौजूद सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और संबंधित नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि धान अधिप्राप्ति केंद्रों को संचालित



करने के लिए आवश्यक कार्रवाई अभी से ही शुरू कर दें। उपायुक्त विशाल सागर ने कहा कि किसानों को धान अधिप्राप्ति केंद्रों में धान देने के लिए जागरूक करें ताकि अधिक से अधिक धान की अधिप्राप्ति हो सके। उपायुक्त के द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि विभाग के निर्देश अनुसार आगामी 15 दिसंबर से पैक्स केंद्रों पर धान खरीद की शुरूआत की जाएगी। वहीं, किसानों की सुविधा को देखते हुए सभी राइस मिल को लैंपस के साथ टैग करने का भी निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया ताकि किसानों का भुगतान समय पर हो सके।

बता दें कि नई सरकार बनने के बाद किसानों ने यह उम्मीद जताई है कि इस बार किसानों को धान अधिप्राप्ति केंद्र पर धान की कीमत ज्यादा मिलेगी। किसानों ने कहा कि इस बार धान की खेती देर से हुई है। इसलिए किसान को काफी नुकसान भी सहना पड़ा है। यदि इस वर्ष किसानों को धान अधिप्राप्ति केंद्र पर धान का उचित मूल्य मिलता है तो निश्चित रूप से किसानों के चेहरे पर खुशी की मुस्कान देखने को मिलेगी।